page 1_Layout 1 12-09-2026 21:00 Page 1

डेली आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवाज भारती

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » रविवार, 13 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :141 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

वैश्विक व्यवस्था में ग्लोबल साउथ की बड़ी भूमिका के लिए पीएम मोदी ने ब्रिक्स रोडमैप का रखा प्रस्ताव



डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ब्रिक्स को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए 10 वैश्विक शासन सुधारों का रोडमैप तैयार करने की जोरदार पैरवी की कि ग्लोबल साउथ को दुनिया के निर्णय लेने वाले केंद्रों में अधिक प्रभावी भूमिका मिले। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में 'समावेशी वैश्विक शासन और बहुपक्षवाद को मजबूत करना' विषय पर आयोजित ब्रिक्स सत्र को संबोधित करते हुए कहा, ब्रिक्स को मजबूत करने के साथ-साथ हमें वैश्विक सुधार के लिए भी एक रास्ता तैयार करना चाहिए। वर्तमान वैश्विक शासन व्यवस्था एक पिरामिड जैसी है, जिसमें शक्ति और निर्णय लेने की क्षमता शीर्ष पर केंद्रित है, जबकि निचले स्तर पर वे देश हैं, जो इन फैसलों से प्रभावित होते हैं, लेकिन उन्हें आकार देने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह असंतुलन ग्लोबल साउथ के लिए विशेष रूप से स्पष्ट है। ग्लोबल साउथ खुद को वैश्विक संकटों के केंद्र में पाता है, लेकिन निर्णय लेने वाले केंद्रों से बाहर है। वैश्विक शासन की संरचना में बुनियादी बदलाव का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मौजूदा विशेषाधिकारों के पिरामिड को साझेदारी के मंच में बदलना होगा। उन्होंने कहा, भारत द्वारा आयोजित इस ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का संदेश स्पष्ट होना चाहिए। यदि हमारा भविष्य साझा है, तो उस भविष्य को आकार देने का अधिकार भी साझा होना चाहिए। आवाज से प्रभाव तक, विशेषाधिकार से साझेदारी तक, यही इस समय ब्रिक्स का मार्गदर्शक संकल्प होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷इसी उद्देश्य से मैं प्रस्ताव करता हूं कि हम मिलकर वैश्विक शासन सुधार के लिए 10 प्रस्ताव तैयार करें और अगले शिखर सम्मेलन तक उन्हें ब्रिक्स सुधार रोडमैप का रूप देने का प्रयास करें। प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव से अगले नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले नई वैश्विक व्यवस्था के लिए ब्रिक्स के सुधार एजेंडे को एक ठोस रूप देने की दिशा में पहल सामने आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर देश की आवाज हो, प्रत्येक सदस्य की इसमें हिस्सेदारी हो और मानवता का विकास वैश्विक सहयोग के केंद्र में बना रहे। उन्होंने रोडमैप तैयार करने के लिए तीन प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। इनमें प्रतिनिधित्व, जवाबदेही और नियम-निर्माण शामिल हैं। प्रतिनिधित्व की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷मैं कहना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार को अब और टाला नहीं जा सकता। इस विषय पर बातचीत को एक निश्चित समयसीमा और स्पष्ट परिणामों से जोड़ना होगा।

रोपड़ के विधायक दिनेश चड्ढा ने हिमाचल के औद्योगिक प्रदूषण से पंजाब की जीवनरेखा सतलुज को खतरे का किया खुलासा

- बीबीएन का औद्योगिक कचरा सतलुज को प्रदूषित कर रहा है, पंजाब में कैंसर फैला रहा है: दिनेश चड्ढा
- औद्योगिक प्रदूषण को रोकने में भाजपा सरकारों के नाकाम रहने की कीमत पंजाब को चुकाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता: दिनेश चड्ढा



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। रोपड़ से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक दिनेश चड्ढा ने हिमाचल प्रदेश के बीबीएन औद्योगिक इलाके से बिना ट्रीट किया हुआ औद्योगिक कचरा और सीवेज का पानी सरसा नदी में डाले जाने पर गंभीर चिंता जताई है। चिंता जताई गई है, जो बाद में सतलुज नदी में मिलती है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोपड़ के विधायक दिनेश चड्ढा ने कहा, ÷बद्दी इलाके के दौरे के दौरान, हमारी टीम ने देखा कि कई लोकल नालों और गड्ढों से औद्योगिक वेस्ट सरसा नदी में जा रहा है। फार्मास्यूटिकल वेस्ट, एसिड और दूसरे औद्योगिक केमिकल्स अलग-अलग जगहों पर नालों के ज़रिए बहाए जा रहे हैं। यह औद्योगिक वेस्ट आखिर में सरसा और फिर सतलुज नदी में पहुँचता है, जो सीधे पंजाब के पानी के सोर्स पर असर डाल रहा है और कैंसर फैला रहा है। आप विधायक ने कहा, ÷बीबीएन औद्योगिक एरिया में करीब 2,200 इंडस्ट्री हैं। इनमें से 1,000 इंडस्ट्री लिक्विड वेस्ट पैदा करती हैं, जबकि सिर्फ़ करीब 377 यूनिट ही सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट ही चालू है। उन्होंने इलाके में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी चिंता जताई और कहा, स्थानीय निवासी माजरा में शिवालिक सॉलिड वेस्ट प्लांट पर भी विरोध कर रहे हैं और वहां कचरे का ठीक से डिस्पोज़ल नहीं किया जा रहा है। दिनेश चड्ढा ने आगे कहा, ÷यह मामला मेरी पिटीशन के ज़रिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) तक पहुंच गया है, और ट्रिब्यूनल ने हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सरकारों से जवाब मांगा है। सतलुज का पानी पंजाब के लोग पीने और सिंचाई के लिए इस्तेमाल करते हैं, जिससे ऊपरी इलाकों से नदी में पहुंचने वाला पॉल्यूशन गंभीर चिंता का विषय है। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और केंद्र सरकारों से तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए, आप विधायक ने कहा, ÷बिना ट्रीट किया हुआ औद्योगिक वेस्ट और सीवेज का पानी छोड़ने के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए, और बीबीएन इलाके से निकलने वाले औद्योगिक वेस्ट को फेंकने से पहले ठीक से ट्रीट किया जाना चाहिए। उन्होंने बद्दी में सही सीवेज ट्रीटमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर की भी मांग की।

यूरोप से गैंगस्टर अमृत दलम पंजाब लाया गया, हत्या समेत कई मामलों में था वांटेड

अमृत दलम जग्गू भगवानपुरिया गैंग का मुख्य सदस्य बताया

- हत्या की कोशिश, हथियारों और नशे मामलों में वांछित
- पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस ने 'ऑपरेशन ईस्टर्न रीच' चलाया
- पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां गतिविधियों पर नजर रख रही थीं



डेली आवाज भारती

पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस केंद्रीय एजेंसियों की मदद से मोल्दोवा से गैंगस्टर अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत दलम को पंजाब लाई है। पुलिस के अनुसार, अमृत दलम जग्गू भगवानपुरिया गैंग का मुख्य सदस्य है। वह पंजाब में हत्या, हत्या की कोशिश, हथियारों और नशे से जुड़े कई मामलों में वांछित था। अमृत दलम को पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस ने 'ऑपरेशन ईस्टर्न रीच' चलाया। करीब 6 महीने तक उसकी तलाश की गई। पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थीं।

7 मार्च को मोल्दोवा में पकड़ा गया

अमृत दलम को 7 मार्च को मोल्दोवा की सीमा पर गिरफ्तार किया गया था। उसकी पहचान इंटरपोल के रेड नोटिस के जरिए हुई। DGP गौरव यादव ने कहा कि अपराधी दुनिया के किसी भी कोने में छिप जाएं, पंजाब पुलिस उन्हें कानून के सामने लाने के लिए कार्रवाई जारी रखेगी।

15 सितंबर को पंजाब आएंगे सचिन पायलट, हो गया फाइनल!

इसी दिन प्रदर्शन करेंगी कांग्रेस

- सचिन पायलट समेत कांग्रेस के कई दिग्गज नेता होंगे शामिल



डेली आवाज भारती

पंजाब के नए प्रभारी बने सचिन पायलट के पंजाब दौरे को लेकर तारीख फाइनल हो गई है। सचिन पायलट 15 सितंबर को पंजाब आएंगे और इसी दिन कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। जिसमें सचिन पायलट समेत कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। इसके साथ ही वित्तमंत्री हरपाल चीमा के आवास का घेराव करेंगे। सचिन पायलट ने साफ कहा कि कांग्रेस पंजाब में राहुल गांधी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी और पार्टी के सभी नेता एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित नहीं किया जाएगा। सचिन पायलट ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस का मुख्य मुकाबला सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (क) से है। उन्होंने कहा कि, क्इस समय पंजाब में सत्ता में है, जबकि कांग्रेस राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव में दोनों दलों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल सकता है। शिरोमणि अकाली दल को लेकर सचिन पायलट ने कहा कि यह अब पहले वाला अकाली दल नहीं रहा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह प्रकाश सिंह बादल वाला अकाली दल नहीं है।

कनाडा में 21 साल का पंजाबी नौजवान वांटेड करार, पुलिस ने जारी किया पोस्टर

- इस केस में एक नाबालिग समेत 3 लोगों को आरोपी बनाया जा चुका है
- 5 हजार डॉलर से अधिक मूल्य की चोरी की संपत्ति रखने का आरोप है



डेली आवाज भारती

कनाडा के कैलगरी में पुलिस ने फिरौती और फायरिंग के मामले में एक पंजाबी नौजवान को वांटेड घोषित किया है। आरोपी की पहचान 21 साल के तनवीर सिंह के रूप में हुई है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। इस केस में एक नाबालिग समेत 3 लोगों को आरोपी बनाया जा चुका है। जिसमें एक 23 साल की पंजाबी महिला भी शामिल है। शूटिंग में इस्तेमाल की गई चोरी की गाड़ी से जुड़े मामले में 5 हजार डॉलर से अधिक मूल्य की चोरी की संपत्ति रखने का आरोप है। पुलिस इस मामले में आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक यह पूरा मामला इस 25 मार्च है। जिसमें आरोपी की तरफ से पहले व्हाट्सएप पर फिरौती की रकम मांगी गई और न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। जब पीड़ित ने आरोपी को पैसे नहीं दिए तो करीब 12 घंटे बाद उसके घर पर गोलियां चलाई गई। जिसके बाद आरोपी चोरी की कार से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 8 सितंबर को 23 साल की कनूरित कौर को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने ही पीड़ित की हमलावरों को जानकारी और धमकाने में मदद की थी। कनूरित कौर पर वसूली का मामला दर्ज कर रिहा कर दिया गया है। उसकी अब 6 अक्टूबर को कोर्ट में पेशी होगी।

29 जुलाई को नाबालिग किया था अरेस्ट

इससे पहले 29 जुलाई को पुलिस ने एक 17 साल के नाबालिग लड़के को भी गिरफ्तार किया था, जिस पर पीड़ित और धमकी देने वाले लोगों के बीच बातचीत कराने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। हालांकि 'यूथ क्रिमिनल जस्टिस एक्ट' के नियमों के तहत उसका नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है और उसे भी रिहा कर दिया गया है।

पंजाब-चंडीगढ़ में बदला मौसम

कई इलाकों में सुबह से बादल छाए, कई जिलों में बारिश के आसार

पठानकोट, होशियारपुर, रूपनगर और गुरदासपुर में बारिश की संभावना

डेली आवाज भारती

पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। कई इलाकों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 12 सितंबर को पठानकोट, होशियारपुर, रूपनगर और गुरदासपुर में बारिश हो सकती है। पंजाब में सबसे ज्यादा 38 डिग्री तापमान बठिंडा में दर्ज किया गया। राज्य के औसत अधिकतम तापमान में 0.2 डिग्री की गिरावट आई है, लेकिन अभी सामान्य से 2.2 डिग्री ज्यादा है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 32 से 38 डिग्री के बीच रह सकता है। वहीं चंडीगढ़ में 1.2 एमएम, लुधियाना में 21.5 एमएम और रूपनगर में 0.5 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 13 से 15 सितंबर के बीच पंजाब के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है। चंडीगढ़ में भी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पाकिस्तान और जम्मू के आसपास बना पश्चिमी विक्षोभ अब उत्तर पंजाब और आसपास के इलाकों में सक्रिय है। इसके प्रभाव से आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। दक्षिणी और दक्षिण-पश्चिमी पंजाब में तापमान 36 से 38 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है।



17 सितंबर तक बारिश के आसार, बिजली की मांग भी बढ़ी

पंजाब में 17 सितंबर तक बारिश की संभावना बनी हुई है। दगर्मी के बीच पंजाब में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। शनिवार सुबह साढ़े 6 बजे बिजली की मांग 12,720 मेगावाट पहुंच गई। राज्य ने ग्रिड से 8,440 मेगावाट बिजली ली, जबकि बाकी जरूरत राज्य के अपने बिजली उत्पादन से पूरी की गई। दिन में गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की मांग और बढ़ने की संभावना है।

अमृतसर में सिर में गोली लगने के बाद भी नहीं हारी हिम्मत, बाइक चलाकर थाने पहुंचे एएसआई

गोली उनके सिर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुए

- फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है
- फायरिंग करने वाले आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है



डेली आवाज भारती

अमृतसर। अमृतसर में ड्यूटी से लौट रहे स्ढ जसवंत सिंह पर एक व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। गोली उनके सिर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, फायरिंग करने वाले आरोपी की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घटना थाना राजासांसी के इलाके में हुई। जानकारी के मुताबिक, स्ढ जसवंत सिंह अमृतसर पुलिस लाइन में ड्यूटी पूरी करने के बाद बाइक से अजनाला जा रहे थे। इसी दौरान भल्ला पिंड गांव के पास एक व्यक्ति ने उन पर गोली चला दी। पुलिस आसपास लगे ष्टष्ठञ्जङ्क कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।


घायल होने के बावजूद एएसआई ने हिम्मत नहीं हारी

हैरानी की बात यह रही कि घायल होने के बावजूद ASI ने हिम्मत नहीं हारी और खुद बाइक चलाकर थाना अजनाला पहुंच गए। थाने पहुंचने के बाद पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

गुरदासपुर में पूर्व सरपंच के भाई के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग, 6-7 राउंड गोलियां चलाकर भागे हमलावर

डेली आवाज भारती

गुरदासपुर। गुरदासपुर के नवां पिंड सरदार दा गांव में देर रात उस समय दहशत फैल गई, जब कार सवार अज्ञात हमलावरों ने पूर्व सरपंच राजिंदर सिंह के भाई कुलविंदर सिंह के घर को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर हमलावरों का विरोध किया और उनकी तरफ पत्थरबाजी शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से गांव में अफरा-तफरी मच गई। फायरिंग की आवाज सुनते ही गांव में हड़कंप मच गया। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक, देर रात कुछ अज्ञात हमलावर गाड़ियों में सवार होकर कुलविंदर सिंह के घर के पास पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 6 से 7 राउंड गोलियां चलाईं। लगातार गोलियां चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। सीसीटीवी फुटेज में फायरिंग के बाद कुछ हमलावर दो गाड़ियों में बैठकर तेजी से मौके से भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए हमलावर वहां ज्यादा देर नहीं रुके और मौके से फरार हो गए।



page 2_Layout 1 12-09-2026 20:02 Page 1

हरियाणा: एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों के बाहर बनाए जाएंगे रिंग रोड, मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आमजन के लिए बेहतर आवागमन सुनिश्चित करने के लिए एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों एवं कस्बों के बाहर रिंग रोड और नेशनल हाईवे बनाने के कार्य को मंजूरी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को सचिवालय में राष्ट्रीय राजमार्गों के कारण शहरी क्षेत्रों में होने वाली भीड़भाड़ को कम करने के लिए मास्टर प्लान के तहत %एडॉप्शन ऑफ फाइनेंशियल मॉडल फॉर स्टेट कंट्रीब्यूशन% को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में लोक निर्माण विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मास्टर प्लान के तहत बाहरी रिंग रोड एवं नेशनल हाईवे बनाने के लिए केंद्र सरकार के अनुसार नीति तैयार की जाए, ताकि शहरों एवं कस्बों में ट्रैफिक का दबाव



कम करने के लिए प्रस्तावित सड़कों का निर्माण जल्द शुरू किया जा सके। बैठक के दौरान केंद्र सरकार के लागत शेयर के लिए वित्त विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों की तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। मुख्यमंत्री ने बैठक में हिसार बाईपास, कुरुक्षेत्र बाईपास, नारनौल सिटी बाईपास, जींद बाईपास तथा सोहना-पलवल बाईपास के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की। हिसार बाईपास हिसार-राजगढ़ रोड (एनएच-52) से हिसार-दिल्ली रोड तथा हिसार-कैथल रोड को जोड़ने का कार्य करेगा। इसी प्रकार, कुरुक्षेत्र-लाडवा बाईपास की डीपीआर भी तैयार कर ली गई है। जल्द ही इस परियोजना पर कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारनौल सिटी बाईपास का भी निर्माण किया जाएगा। लगभग 11 किलोमीटर लंबे इस बाईपास को स्टेट हाईवे और एनएच-148बी से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा जींद के दूसरी तरफ बाहरी रिंग रोड एवं एनएच-352 पर चार लेन की सड़क का निर्माण किया जाएगा। एनएच-919 से पलवल-सोहना बाईपास का भी जीर्णोद्धार और री-डिजाइन कर निर्माण किया जाएगा। यह चार लेन की सड़क लगभग 24 किलोमीटर लंबी होगी। इन परियोजनाओं पर लगभग 9,700 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएनडी-फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास को केएमपी लिंक से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के माध्यम से जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए भी तैयार किया जाएगा। इसके अलावा, करनाल रिंग रोड के लिए भूमि शेयर जमा करवा दिया गया है। अंबाला शहर एवं अंबाला कैंट को जोड़ने के लिए रिंग रोड का कार्य भी निर्माणाधीन है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में रेवाड़ी-भटिंडा रेलवे लाइन पर सिरसा में सिविल स्टेशन रोड पर रेलवे अंडरब्रिज के निर्माण को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा कनीना-महेंद्रगढ़ रोड से अनावास, ढाणी राजावास स्कूल से बलाना, खातोद से बुड़ीन, निम्भेड़ा और बलैचा के लिए लिंक रोड, महेंद्रगढ़-बुचौली रोड तथा नांगवास से अटेली सड़क के अतिरिक्त कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, अनुराग अग्रवाल, आयुक्त एवं सचिव अशिमा बराड़, जे. गणेशन सहित लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

तरनतारन में आरपीजी हमले के आरोपी की गोली मारकर हत्या

तरनतारन: जिले के नौशहरा पन्नूआं गांव में शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अजमीत सिंह के रूप में हुई है। उसका नाम वर्ष 2022 में सरहाली थाने पर हुए रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (RPG) हमले के मामले में सामने आया था। वह इस मामले में बठिंडा जेल में बंद रहा था और फिलहाल जमानत पर बाहर आया हुआ था। जानकारी के मुताबिक अजमीत सिंह गांव के सरकारी अस्पताल के बाहर मौजूद था। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और उस पर गोलियां चला दीं। हमले में गंभीर रूप से घायल अजमीत सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।



पुलिस जांच में अजमीत सिंह का नाम 9 दिसंबर 2022 को सरहाली थाने पर हुए RPG हमले के दौरान सामने आया था। उस समय रात करीब 11:18 बजे दो नाबालिग हमलावरों ने थाने की इमारत को RPG-26 से निशाना बनाया था। घटना के बाद पंजाब पुलिस ने इस मामले में विदेश से संचालित नेटवर्क से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का खुलासा करने का दावा किया था। इसी मामले में अजमीत सिंह को गिरफ्तार किया गया था और वह बठिंडा जेल में बंद था। बाद में उसे जमानत मिल गई थी। अजमीत सिंह की हत्या के पीछे क्या वजह रही, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस पुरानी रंजिश, आपराधिक विवाद और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। हमलावरों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। एसपी इन्वेस्टिगेशन डॉ. रिपुतापन सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित मैराथन का आयोजन

- विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह नि'जर, विधायक डॉ. अजय गुप्ता और डिप्टी कमिश्नर दलविंदरजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को किया रवाना

डेली आवाज भारती

अमृतसर। श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार की ओर से आज सुबह कंपनी बाग, अमृतसर में विशेष मैराथन का आयोजन किया गया। विधानसभा हलका अमृतसर दक्षिणी के विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह नि'जर, अमृतसर केंद्रीय के विधायक डॉ. अजय गुप्ता और डिप्टी कमिश्नर अमृतसर श्री दलविंदरजीत सिंह, आई.ए.एस. ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया तथा प्रतिभागियों का



उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह नि'जर ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज जी ने समाज को समानता, आपसी भाईचारे, प्रेम, सद्भावना और मानवता का महान संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित यह मैराथन केवल एक खेल गतिविधि नहीं है, बल्कि गुरु साहिब की विचारधारा और उनके मानवतावादी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है। विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि युवाओं को श्री गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाना चाहिए तथा समाज में भाईचारे और समानता की भावना को और मजबूत करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों से जुड़ने से व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत होता है। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर श्रीमती पल्लवी मिश्रा, आई.ए.एस. और एस.डी.एम.-1 श्रीमती अलका कालिया की ओर से अमृतसर के तीन महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों के अलावा कॉमनवेल्थ और एशियन खेलों के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा मैराथन पूरी करने वाले युवाओं को पदक देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ खेलों और अन्य शारीरिक गतिविधियों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। जिला खेल अधिकारी श्री गुरप्रीत सिंह ने बताया कि मैराथन में 700 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, पदक और रिफ्रेशमेंट उपलब्ध करवाई गई। मैराथन सुबह 7 बजे कंपनी बाग से शुरू हुई। प्रतिभागियों ने नोवेल्टी चौक, कस्टम चौक, रियाल्टो चौक, अशोका चौक, क्रिस्टल चौक, हुकम सिंह रोड और एस.एस.एस.एस. चौक से होते हुए वापस कंपनी बाग पहुंचकर मैराथन पूरी की।

राष्ट्रीय लोक अदालत अमृतसर में 35,031 मामलों का निपटारा, लगभग 99.80 करोड़ की रिकवरी/समझौता राशि के साथ ऐतिहासिक सफलता

डेली आवाज भारती

अमृतसर। पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, एस.ए.एस. नगर के दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन के तहत जिला अमृतसर में 12 सितंबर, 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस लोक अदालत का आयोजन माननीय श्रीमती जतिंदर कौर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-चेयरपर्सन, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, अमृतसर की अगुवाई में किया गया। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लोगों को त्वरित, सस्ता एवं आपसी सहमति के आधार पर न्याय प्रदान करना था। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में श्री परिंदर सिंह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश; श्री महेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश; श्रीमती अमन शर्मा, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय; तथा श्रीमती राजविंदर कौर, अतिरिक्त जिला



एवं सत्र न्यायाधीश-कम-पीठासीन अधिकारी, औद्योगिक ट्रिब्यूनल द्वारा पीठों की अध्यक्षता की गई।

इसके अलावा जिला अदालत अमृतसर में 22 लोक अदालत पीठों, बाबा बकाला साहिब में 2 पीठों तथा अजनाला में 3 पीठों का गठन किया गया, जिससे जिले के अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सका। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में श्री अमरदीप सिंह बैंस, सचिव, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, अमृतसर द्वारा की गई सुव्यवस्थित योजना, समन्वय एवं निरंतर प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारियों, वकील समुदाय, बैंकों, बीमा कंपनियों, विभिन्न सरकारी विभागों, न्यायालय के कर्मचारियों, पैरा लीगल वालंटियर्स तथा मुकदमेबाजों के सहयोग से यह लोक अदालत अत्यंत सफल रही। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान कुल 38,247 मामलों को सुनवाई के लिए रखा गया, जिनमें से 35,031 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। इन मामलों में कुल ` 99,80,22,793/- (निन्यानवे करोड़ अस्सी लाख बाईस हजार सात सौ तिरानवे रुपये) की समझौता राशि/रिकवरी हुई। इनमें से 34,816 प्री-लिटिगेशन मामलों में से 32,843 मामलों का निपटारा करते हुए 79,07,95,600/- की राशि का समझौता हुआ, जबकि 3,431 लंबित अदालती मामलों में से 2,188 मामलों का निपटारा करते हुए 20,72,27,193/- की राशि का समझौता हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान विभिन्न श्रेणियों के मामलों का बड़े स्तर पर निपटारा किया गया। बैंक रिकवरी से संबंधित 9,826 मामलों का निपटारा करते हुए ` 73,38,63,838/- की रिकवरी की गई। वित्तीय मामलों (लोन रिकवरी एवं एन.पी.ए.) के 2,803 मामलों में ` 11,13,62,780/- की राशि का समझौता हुआ। परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 से संबंधित 363 मामलों में 10,51,85,696/- की रिकवरी हुई।

VBYLD-2027 क्विज के लिए अधिक से अधिक युवा अपने नाम पंजीकृत करवाएं

डेली आवाज भारती

अमृतसर। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD)-2027 के संबंध में सरकारी आई.टी.आई. रणजीत एवेन्यू, अमृतसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी श्री प्रणव ने समूह मीडिया प्रतिनिधियों से VBYLD-2027 क्विज़ का अधिक से अधिक प्रचार एवं जागरूकता पैदा करने की अपील की, ताकि अमृतसर जिले के अधिक से अधिक योग्य युवा My Bharat पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर इसमें भाग ले सकें। इस अवसर पर मेजबान संस्था सरकारी आई.टी.आई. रणजीत एवेन्यू के प्रिंसिपल श्री संजीव शर्मा भी उपस्थित थे। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा VBYLD-2027 युवाओं को अपनी नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता, प्रतिभा और नए विचारों को व्यक्त करने तथा



विकसित भारत ञ2047 के निर्माण में योगदान देने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि 17 अगस्त 2026 को 15 से 29 वर्ष की आयु वाले युवा इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पात्र हैं। VBYLD-2027 के छह प्रमुख ट्रैक हैं–विकसित भारत चैलेंज, कल्चरल ट्रैक, डिजाइन फॉर भारत, हैक फॉर सोशल कॉज, यूथ एंटरप्रेन्योर्स चैलेंज और यूथ पार्लियामेंट। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष VBYLD-2026 में देशभर से 50 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया था, जो इस कार्यक्रम के प्रति युवाओं के उत्साह और रुचि को दर्शाता है। जिला युवा अधिकारी ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यमों से जुड़े प्रतिनिधियों से अपील की कि वे VBYLD-2027 क्विज़ का व्यापक प्रचार करें, ताकि अमृतसर जिले से अधिक से अधिक युवा इसमें भाग ले सकें। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, NSS/NCC इकाइयों, युवा क्लबों, शिक्षकों तथा युवाओं से जुड़ी संस्थाओं से भी योग्य युवाओं को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

वडिंग ने लुधियाना जैसे शहरों में 12 घंटे तक बिजली कटौती का मुद्दा उठाया

- कहा- लोगों को घरों में रोशनी के लिए मोमबत्तियों का सहारा लेना पड़ रहा

कहा- उद्योग बंद, धान की फसलें मुरझा रही

डेली आवाज भारती

लुधियाना। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने आज कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने पंजाब को अंधेरे में धकेलने का एक और शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है, जहां 12 से 18 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है और लोगों को अपने घरों में रोशनी के लिए मोमबत्तियों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में बिजली संकट और गहरा गया है। किसान धान की फसल बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उद्योगों पर पाबंदियां लगाई जा रही हैं और गांवों में लंबे समय तक बिजली कटौती हो रही है। वडिंग ने कहा कि स्थिति गंभीर हो चुकी है। पंजाब की पीक बिजली मांग करीब



16,000 मेगावाट है, जबकि बिजली उत्पादन केवल करीब 4,000 मेगावाट है। इसके बावजूद राज्य बाहर से करीब 11,500 मेगावाट बिजली ले रहा है, लेकिन मांग और उपलब्धता के बीच का अंतर गंभीर बिजली संकट पैदा कर रहा है। जिन फसलों को बेटों की तरह पाल-पोसकर बड़ा किया जाता है, वे सूख रही हैं और धान की फसल मुरझा रही है,÷ पीसीसी अध्यक्ष ने कहा। उन्होंने धान की फसल के महत्वपूर्ण सीजन में बिजली की कमी के कृषि पर पड़ रहे प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई पंप चलाने के लिए महंगे डीजल जनरेटरों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है, जबकि वे पहले ही बढ़ते कृषि खर्चों का सामना कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने पंजाब के औद्योगिक क्षेत्र पर बिजली संकट के प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उद्योगों को रात 8 बजे से बंद करने के लिए कहा जा रहा है, जबकि रिहायशी इलाकों में भी लगातार बिजली कटौती हो रही है। लंबे बिजली कटों के कारण घरों में इनवर्टर भी राहत देने में असमर्थ हो रहे हैं। वडिंग के अनुसार, ग्रामीण इलाकों में स्थिति विशेष रूप से खराब है और गांवों में बार-बार बिजली कटौती की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब किसानों को सिंचाई के लिए बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत है, बिजली आपूर्ति में व्यवधान खड़ी धान की फसलों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजपुरा और तलवंडी साबो थर्मल पावर प्लांट की एक-एक यूनिट बंद है, जिससे राज्य की बिजली मांग पूरी करने की क्षमता और प्रभावित हुई है। वडिंग ने कहा कि राजपुरा थर्मल प्लांट में केवल करीब सात दिन का कोयला स्टॉक बचा है, जबकि तलवंडी साबो थर्मल प्लांट में लगभग चार दिन का कोयला शेष है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार बिजली की मौसमी बढ़ती मांग के लिए पर्याप्त तैयारी करने में विफल रही है और कृषि, उद्योग तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए भरोसेमंद बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की।

अकाली दल की सरकार ने पंजाब में किया खेलों का विकास:एन के शर्मा

डेराबस्सी। शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व हलका विधायक एनके शर्मा ने कहा है कि पंजाब में अकाली दल ऐसी पार्टी है जिसने सबसे पहले पंजाब की पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित किया और कब्बडी तथा फुटबाल जैसे टूर्नामेंट करवाए गए। अकाली दल की सरकार के समय में डेराबस्सी ही नहीं बल्कि समूचे पंजाब में खेलों का बुनियादी ढांचा विकसित किया गया। एन के शर्मा गांव कुड़ांवाला में नेशनल बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी राकेश कुमार रिंकू को सम्मानित करने के बाद ग्रामीणों से रूबरू थे। उन्होंने बॉडी बिल्डर राकेश कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अकाली दल की सरकार के समय में विकसित किए गए खेल स्टेडियम आज बदहाली का शिकार हैं। पंजाब में दोबारा अकाली दल की सरकार के सत्ता में आने पर खेलों के लिए बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। इस अवसर पर सर्कल प्रधान राजिंद्र सिंह, कर्मपाल खेड़ी गुज्जरां, मेजर सिंह कुड़ांवाला, पूर्व सरपंच रामनाथ कुड़ांवाला, पूर्व सरपंच राजिंद्र सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

मिशन क्लीन पंजाब' के तहत विधानसभा क्षेत्र अमृतसर पश्चिम में सफाई अभियान जारी

विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू ने कोट खालसा में सफाई अभियान की अगुवाई की, स्वच्छ, हरा-भरा और सुंदर अमृतसर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी: डॉ. जसबीर सिंह संधू









अमृतसर। गुरु की नगरी अमृतसर को स्वच्छ, हरा-भरा और सुंदर बनाने के उद्देश्य से 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत विधानसभा क्षेत्र अमृतसर पश्चिम में सफाई अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी के तहत आज विधानसभा क्षेत्र अमृतसर पश्चिम के कोट खालसा इलाके में विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू ने सफाई अभियान की अगुवाई की। सफाई अभियान के दौरान इलाके की व्यापक सफाई करवाने के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें अपने घरों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को भी साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू ने कहा कि गुरु की नगरी अमृतसर को स्वच्छ और सुंदर बनाना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र अमृतसर पश्चिम के विभिन्न इलाकों में सफाई और सौंदर्यीकरण के कार्यों को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है तथा आने वाले समय में भी ऐसे अभियानों को और तेज किया जाएगा। डॉ. संधू ने कहा कि 'मिशन क्लीन पंजाब' केवल सफाई तक सीमित अभियान नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना पैदा करना भी है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन के प्रयासों के साथ-साथ शहरवासी भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सहयोग करें तो अमृतसर को और अधिक स्वच्छ, सुंदर तथा पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने शहरवासियों और अमृतसर आने वाले यात्रियों से अपील की कि वे कूड़ा केवल डस्टबिन अथवा निर्धारित स्थानों पर ही डालें, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं तथा सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल से परहेज करें। उन्होंने कपड़े के थैलों और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के इस्तेमाल को प्राथमिकता देने की भी अपील की। विधायक ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही सफाई अभियानों को स्थायी सफलता मिल सकती है।

CMYK

page 3_Layout 1 12-09-2026 17:19 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ रविवार, 13 सितंबर 2026

प्रकाश पर्व के मौके पर सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में बड़ी संख्या में नतमस्तक हुए श्रद्धालु

गुरुद्वारा श्री रामसर साहिब से सचखंड श्री हरमंदिर साहिब तक नगर कीर्तन निकाला गया

डेली आवाज भारती

अमृतसर, -(सलोनी नेहा गिल) आज, श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश पर्व के मौके पर, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब और गुरुद्वारा श्री रामसर साहिब में माथा टेका और गुरबानी कीर्तन और गुरमत समागम में शामिल होकर गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा दिखाई। इस मौके पर, गुरुद्वारा श्री रामसर साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद, श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया की गई और पंज प्यारों की अगुवाई में पुरानी सिख परंपरा के अनुसार नगर कीर्तन निकाला गया, जो सचखंड श्री हरमंदिर साहिब पहुंचकर खत्म हुआ। नगर कीर्तन की शुरुआत में सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी अमरजीत सिंह, स्वच्छ के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी टेक सिंह ने पंज प्यारे, निशानची और नगरची सिंहों को सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पंथक हस्तियां और संगत मौजूद थी। इस मौके पर सिंह साहिब ज्ञानी अमरजीत सिंह ने संगत के साथ कहानियां और विचार शेयर किए। उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पवित्र ग्रंथ एक सिख के जीवन का आधार हैं और हर सिख का यह कर्तव्य है कि वह गुरबाणी में दिखाए गए रास्ते पर चलकर अपना जीवन जिए। ज्ञानी अमरजीत सिंह ने संगत को पहले प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए उन्हें पवित्र गुरबाणी और गुरमत राहणी के अनुसार अपना जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। नगर कीर्तन में शामिल होने पहुंचे स्वच्छ के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने संगत को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व की बधाई दी और गुरमत को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। एडवोकेट धामी ने कहा कि पांचवें गुरु, श्री गुरु अर्जन देव जी ने आदि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का संपादन करके संगत को गुरबाणी से जोड़ा। उन्होंने कहा कि गुरबाणी इंसानियत को जीवन का रास्ता दिखाती है। गुरबाणी इंसानी जीवन को आरामदायक बनाने का एक अहम रास्ता है। स्वच्छ के प्रेसिडेंट ने संगत को गुरबाणी नितनेम से जुड़ने और अमृतधारी बनने के लिए भी प्रेरित किया। नगर कीर्तन के दौरान





सिख युवाओं के गतका परफॉर्मेंस के साथ-साथ शब्दी जत्थों ने शब्द गाकर अपनी श्रद्धा जाहिर की। इस बीच, रास्ते में भक्तों ने अलग-अलग तरह के पकवानों के लंगर भी लगाए। इस अवसर पर एसजीपीसी के मुख्य सचिव स. कुलवंत सिंह मन्नण, सदस्य भाई राजिंदर सिंह मेहता, स. सुरजीत सिंह भिट्टेवाड़, स. बावा सिंह गुमानपुरा, भाई अजैब सिंह अभिषेक, स. गुरमीत सिंह बूह, स. अमरजीत सिंह भलाईपुर, भाई मनजीत सिंह, स. अमरजीत सिंह बंडाला, स. बलविंदर सिंह वेनपुई, बाबा गुरमीत सिंह त्रिलोकेवाला, ओएसडी स. सतबीर सिंह, शिरोमणि कमेटी के सचिव स. बलविंदर सिंह काहलवां, स. गुरिंदर सिंह मथरेवाल, निजी सचिव स. शहबाज सिंह, अतिरिक्त सचिव स. बिजय सिंह, स. प्रीतपाल सिंह, स. तेजिंदर सिंह पड्डा, स. जसविंदर सिंह जस्पी, स. भगवंत सिंह धंगेरा, उप सचिव स. गुरदयाल सिंह, स. गुरनाम सिंह, स. मनजीत सिंह, स. हरभजन सिंह वक्ता, स. सुखबीर सिंह, स. आजाद दीप सिंह, स. गुरमीत सिंह मुक्तसरी, स. सतनाम सिंह रियार, श्री दरबार साहिब के मैनेजर मेजर सिंह, अरदासिया भाई प्रेम सिंह, सुपरिटेंडेंट निशान सिंह, मलकीत सिंह बेहरवाल, मैनेजर जतिंदरपाल सिंह, नरिंदर सिंह, राजिंदर सिंह रूबी, गुरप्रीत सिंह, गुरुद्वारा शहीद गंज साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी सुरजीत सिंह सबरा, प्रचारक भाई बलवंत सिंह अनोकोट, फेडरेशन लीडर अमनबीर सिंह धोत, कंवरचरत सिंह के साथ-साथ अलग-अलग सभा सोसाइटियों और संगत के रिप्रेजेंटेटिव मौजूद थे। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व के मौके पर सचखंड श्री हरमंदिर साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब और गुरुद्वारा बाबा अटल राय साहिब को सजाया गया। इसके साथ ही सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में रंग-बिरंगे फूलों की सजावट भी संगत के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान सचखंड श्री हरमंदिर साहिब और गुरुद्वारा श्री रामसर साहिब समेत अलग-अलग धार्मिक जगहों को दीपमाला से सजाया गया। प्रकाश पर्व को समर्पित गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में आयोजित गुरमत समागम में रागी, ढाडी और कविशर जत्थों ने संगत को गुरु की महिमा से जोड़ा।

मोहाली क्लब में AIMRA की 12वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

डेली आवाज भारती

मोहालीः (संदीप अकालगढ़िया) ऑल इंडिया मोबाइल रिटेल एसोसिएशन (ढ्ढस्त्रक) की 12वीं वर्षगांठ का समागम मोहाली क्लब में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ करवाया गया। इस मौके एसोसिएशन के प्रधान जी.डी. सिंह, अमित सेठी सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने विशेष तौर पर शिरकत की। समागम दौरान मोबाइल रिटेलरों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके जनरल सेक्रेटरी, वाइस प्रधान राजेश कुमार और अमित छाबड़ा सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने ढ्ढस्त्रक की ओर से पिछले 12 वर्षों दौरान मोबाइल रिटेलरों के हितों के लिए किए गए कार्यों संबंधी विचार सांझे किए। इसके साथ ही



एसोसिएशन की आने वाली गतिविधियों और रिटेलरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। समागम में खरड़, मोहाली, चंडीगढ़, मोरिंडा, कुराली, न्यू चंडीगढ़, सोहना आदि इलाकों से बड़ी गिनती में मोबाइल रिटेलर और एसोसिएशन के सदस्य शामिल हुए। अलग-अलग इलाकों से पहुंचे रिटेलरों ने एसोसिएशन की एकजुटता का प्रगटावा करते हुए कहा कि सभी रिटेलरों को एकजुट होकर अपने कारोबार से जुड़े मुद्दों को उठाना चाहिए। इस दौरान मोबाइल रिटेलरों को कारोबार में पेश आ रही मुश्किलों, मोबाइल मार्केट में तेजी से आ रहे बदलावों, ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने तथा रिटेलरों के आपसी तालमेल को और मजबूत करने संबंधी भी विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि आज के समय में मोबाइल रिटेल कारोबार के क्षेत्र में लगातार बदलाव आ रहे हैं, इसलिए रिटेलरों के लिए आपसी सहयोग और एकजुटता बेहद जरूरी है। AIMRA के पदाधिकारियों ने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य देश भर के मोबाइल रिटेलरों को एक मंच पर लाना और उनके हितों की रक्षा के लिए मिल-जुलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि रिटेलर भाईचारे की एकता ही एसोसिएशन की सबसे बड़ी ताकत है। आने वाले समय में भी सभी सदस्यों को साथ लेकर रिटेलरों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। इस मौके मौजूद सभी सदस्यों ने AIMRA की 12वीं वर्षगांठ की खुशी सांझी की और एसोसिएशन की आने वाली गतिविधियों में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। आपसी मेल-जोल, एकजुटता और भाईचारे के माहौल में करवाया गया यह वर्षगांठ समागम यादगारी हो निबड़ा।

एनसीसी मेरिट लिस्ट में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के छात्र अमन कुमार ने हासिल किया ऑल इंडिया रैंक-1

- **एनसीसी से भारतीय सेना तक का सफरः 124वें कोर्स में शानदार उपलब्धि हासिल कर अमन कुमार बनेंगे सेना में लेफ्टिनेंट**

डेली आवाज भारती





मोहालीः (संदीप अकालगढ़िया) चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (ष्टस्श्व) के छात्र एवं एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट अमन कुमार ने एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम के 124वें कोर्स (पुरुष) की मेरिट लिस्ट में ऑल इंडिया रैंक-1 (ढ्ढक्र-1) हासिल कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार परिचय दिया है। इस उपलब्धि के साथ अमन कुमार का चयन ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ह्वङ्म), चेन्नई में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति के लिए हुआ है। अमन कुमार ने वर्ष 2022 में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में बी.ई. सीएसई में दाखिला लिया था और इसी दौरान एनसीसी से भी जुड़ गए। एनसीसी में रहते हुए उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों और गतिविधियों में हिस्सा लिया। इन अनुभवों ने उनके अंदर नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को और मजबूत किया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की एनसीसी आर्मी विंग से वर्ष 2026 में पासआउट होने वाले अमन कुमार मूल रूप से बिहार के बरौनी के रहने वाले हैं, जबकि उनका अधिकांश समय उत्तर प्रदेश के बरेली में बीता है। ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल करने के बाद अपनी खुशी व्यक्त करते हुए अमन कुमार ने कहा कि अब वह अपने उस सपने को पूरा करने के लिए उत्साहित हैं, जिसके तहत वह भारतीय सेना की वर्दी पहनकर सम्मान, नेतृत्व और ईमानदारी के साथ देश की सेवा करना चाहते हैं। अमन कुमार ने बताया कि भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का सपना उनके मन में बचपन से ही था। उनके पिता भी भारतीय सेना में सेवा कर चुके हैं और वर्तमान में कोलकाता स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, डमडम में सेवाएं दे रहे हैं। पिता की सैन्य पृष्ठभूमि से प्रेरणा लेते हुए अमन ने भी सेना में अधिकारी बनने का लक्ष्य निर्धारित किया।

पी.ए.यू. द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, रौणी में किसान मेला 15 सितंबर को आयोजित किया जाएगा : डॉ. मनदीप सिंह

मेले का उद्देश्य वैज्ञानिक तरीके अपनाएं, कृषि आय बढ़ाएं

डेली आवाज भारती

संगरूर। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना द्वारा सितंबर माह में आयोजित किए जा रहे किसान मेलों की श्रृंखला के तहत ÷वैज्ञानिक तरीके अपनाएं, कृषि आय बढ़ाएं÷ के उद्देश्य को मुख्य रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, रौणी, जिला पटियाला में 15 सितंबर, 2026 को एक दिवसीय किसान मेला आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए डॉ. मनदीप सिंह, प्रभारी (प्रशिक्षण), कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर ने बताया कि पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना के कुलपति इस किसान मेले की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि निदेशक प्रसार शिक्षा, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना



के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किए जा रहे इस किसान मेले के दौरान कृषि विशेषज्ञों द्वारा रबी फसलों की उन्नत किस्मों एवं उन्नत कृषि तकनीकों, कृषि मशीनरी, सर्दी के मौसम में सब्जियों की खेती, बागवानी, मिट्टी एवं पानी की जांच, तिलहन एवं दलहन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा सहायक व्यवसायों के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा महिला किसानों को घरेलू प्रबंधन के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस मेले में पी.ए.यू., लुधियाना, सरकारी विभागों, कृषि उद्योग, किसान उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों तथा उद्यमी किसानों द्वारा कृषि प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। रबी फसलों के बीज, सर्दी के मौसम की सब्जियों के बीजों की किटें, दलहन एवं तिलहन किटें, रबी चारे के बीजों की किटें, फलदार पौधे तथा पी.ए.यू. द्वारा प्रकाशित कृषि साहित्य की बिक्री के विशेष प्रबंध किए जाएंगे। किसानों द्वारा लाए गए मिट्टी एवं पानी के नमूने जांच के लिए जमा किए जा सकेंगे।

अमृतसर के मकबूलपुरा के अलग-अलग इलाकों में पुलिस का बड़ा कासो ऑपरेशन

कासो के दौरान 7 किलो से ज़्यादा हेरोइन और करीब साढ़े चार किलो अफीम बरामद

डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) अमृतसर के मकबूलपुरा के अलग-अलग इलाकों में कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर की तरफ से बड़े पैमाने पर ष्टस्ह चलाया गया। इस ऑपरेशन का रिव्यू करने के लिए, ष्ठतक्रस्क श्री रूस्त्र फारूकी, ढ्ढक्र और पुलिस कमिश्नर अमृतसर श्री हरमनबीर सिंह गिल, ढ्ढक्र मौके पर पहुंचे।

इस बीच, मीडिया से बात करते हुए, ष्ठतक्रस्क रूस्त्र फारूकी ने कहा कि पंजाब सरकार की तरफ से ड्रग्स के खिलाफ शुरू की गई मुहिम के तहत पंजाब पुलिस और अधिकारी लगातार लगन से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ड्रग्स की रिकवरी और केस दर्ज करने के मामले में पहले कभी नहीं हुई कार्रवाई की गई है और ड्रग्स बेचने और बांटने वाले



लोगों पर सख्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज के ष्टस्ह ऑपरेशन के दौरान 7 द्यद्द से ज़्यादा हेरोइन, करीब साढ़े चार द्यद्द अफीम बरामद हुई है। इसके अलावा कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। रूस्त्र फारूकी ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से की जा रही नार्को-टेररिज्म की कोशिशों को नाकाम करने के लिए पंजाब पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। उन्होंने कहा कि पंजाब की ज्योग्राफिकल लोकेशन और पाकिस्तान से बॉर्डर होने की वजह से अक्सर पंजाब को टारगेट करने की कोशिश की जाती है, लेकिन पुलिस का इंटेलिजेंस नेटवर्क और गांवों में सर्विलांस सिस्टम इस सप्लाई लाइन को तोड़ने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स सप्लाई करने वाले पेडलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बड़े स्मगलर्स को गिरफ्तार करने के साथ-साथ ड्रग मनी से बनाई गई गैर-कानूनी प्रॉपर्टीज़ को सीज करने और गैर-कानूनी बिल्डिंग्स को गिराने की कार्रवाई भी की जा रही है। ADGP ने कहा कि पुलिस पहले से पहचाने गए इलाकों में नज़र रखती है। इसके बाद अचानक रेड की जाती है और इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाता है। इस तरह, बुरे लोगों को भागने का मौका नहीं मिलता और उन्हें डर रहता है कि पंजाब पुलिस कभी भी उन तक पहुंच सकती है। रूस्त्र फारूकी ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई सिर्फ गिरफ्तारियों तक सीमित नहीं है। नशे के आदी लोगों को नशा छुड़ाना, ड्रग डीलरों को कंट्रोल करना और युवाओं को ड्रग्स से दूर रखना इस पॉलिसी का मुख्य हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियों में ड्रग-फ्री होने की शर्त के कारण बड़ी संख्या में युवा ड्रग्स से दूर रहने के लिए मोटिवेट हो रहे हैं। अगर शॉर्ट और लॉन्ग टर्म पॉलिसी को असरदार तरीके से लागू किया जाए, तो ड्रग्स के खिलाफ निश्चित रूप से सफलता मिल सकती है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ यह लड़ाई लगातार जारी है और पंजाब को ड्रग फ्री बनाना पंजाब पुलिस का मुख्य लक्ष्य है।

कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने 5 लाख रुपये की लागत से 2 स्टेनलेस स्टील वाटर टैंकर शहरवासियों को किए समर्पित

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) स्थानीय शहरवासियों को साफ-सुथरा और शुद्ध पीने वाला पानी मुहैया करवाने के मकसद से नगर कौंसिल की ओर से एक विशेष पहल की गई है। कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके की अगुवाई में शहर के लिए 5 लाख रुपये की लागत से खरीदे गए स्टेनलेस स्टील के 2 नए वाटर टैंकर शहरवासियों को समर्पित किए गए। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कौंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार और नगर कौंसिल शहर के विकास तथा लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए दिन-रात यत्नशील हैं। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को पीने वाले पानी संबंधी किसी प्रकार की परेशानी न आए और जरूरत के समय उन्हें साफ पानी उपलब्ध हो सके, इसी



उद्देश्य के तहत ये आधुनिक वाटर टैंकर खरीदे गए हैं। प्रधान ओके ने बताया कि उद्घाटन के तुरंत बाद इन वाटर टैंकरों को सबसे पहले डेरा बाबा गोसाई आना में करवाए जा रहे सालाना समागम में संगत की सुविधा के लिए भेजा जाएगा।

इसके अलावा शहर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों, सामाजिक समागमों तथा जरूरतमंद परिवारों के खुशी-गमी के मौकों पर भी पानी की जरूरत पूरी करने के लिए इन टैंकरों को उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर कौंसिल की ओर से शहरवासियों की सुविधा को हमेशा प्राथमिकता दी जा रही है और लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शहर के विकास के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए आने वाले समय में भी प्रयास जारी रहेंगे। इस उद्घाटन समारोह के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा शहर के गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस मौके पर ई.ओ. रजनीश सूद, ए.एम.ई. इंदर मोहन जी, डा. अश्वनी कुमार, धीरज धीमान हैप्पी, बिक्रम राठौर, प्रदीप रूड़ा, रामा कांत कालिया और यश शर्मा सहित कई अन्य नेता एवं वर्कर विशेष तौर पर उपस्थित थे। शहरवासियों ने नगर कौंसिल की इस पहल की भरपूर सराहना की।

नेपाल की प्राकृतिक त्रासदी के पीड़ितों की मदद के लिए प्रभ आसरा संस्था की टीम नेपाल पहुंची

- **भाई शमशेर सिंह पडियाला की अगुवाई में पीड़ितों की सहायता और पुनर्वास के लिए किए जा रहे प्रयास**

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) – जरूरतमंदों, दिव्यांगों, बेसहारों, बेघर लोगों और आश्रितों की लंबे समय से संभाल-संभाल और सेवा कर रही प्रभ आसरा संस्था पडियाला की ओर से प्राकृतिक आपदा के समय भी मानवता की सेवा के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत नेपाल में आई प्राकृतिक त्रासदी से प्रभावित लोगों की मदद और उन्हें दोबारा अपने पैरों पर खड़ा करने के प्रयासों के लिए संस्था की टीम नेपाल पहुंच चुकी है। प्रभ आसरा संस्था के मुख्य प्रबंधक भाई शमशेर सिंह पडियाला अपनी टीम समेत नेपाल पहुंचकर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित इलाकों में लोगों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं और जरूरत के अनुसार राहत कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं। संस्था की ओर से पीड़ित परिवारों को तुरंत राहत मुहैया करवाने के साथ-साथ उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और आगे



उनके पुनर्वास के लिए भी हरसंभव सहायता देने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंधी पत्रकारों को जानकारी देते हुए भाई शमशेर सिंह पडियाला ने कहा कि प्राकृतिक आपदा किसी एक व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं होती, बल्कि ऐसे दुख की घड़ी में पूरी मानवता को पीड़ितों के साथ खड़े होने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि प्रभ आसरा संस्था का मुख्य उद्देश्य ही बेसहारों और जरूरतमंदों की सेवा करना है। इसलिए नेपाल में हुई इस प्राकृतिक त्रासदी के पीड़ितों की सहायता करना भी संस्था अपना मानवीय फर्ज समझती है। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राकृतिक आपदाओं, बाढ़ और अन्य मुश्किल हालात के दौरान भी राहत और सेवा कार्य किए जाते रहे हैं। इसी सोच के तहत नेपाल के पीड़ित लोगों की जिंदगी को दोबारा पटरी पर लाने और उनके पुनर्वास में बनता योगदान डालने के लिए टीम द्वारा लगातार सेवा कार्य किए जा रहे हैं। भाई शमशेर सिंह पडियाला ने कहा कि संस्था की ओर से केवल तुरंत राहत देने तक ही सीमित न रहकर प्रभावित लोगों की लंबे समय की जरूरतों को भी समझा जा रहा है, ताकि वे दोबारा अपने पैरों पर खड़े हो सकें। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पीड़ितों लोगों तक पहुंचकर उनका दर्द बांटना और संभव सहायता करना ही असली मानव सेवा है। इलाका वासियों ने भी प्रभ आसरा संस्था की ओर से नेपाल के पीड़ितों की मदद के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य मानवता और भाईचारे की एक मिसाल पेश करते हैं।

page 4_Layout 1 12-09-2026 20:37 Page 1

फतेहपुरी मोहल्ले की करीब सौ वर्ष पुरानी श्मशान घाट बदहाली का शिकार, मूलभूत सुविधाओं की कमी से लोग परेशान






डेली आवाज भारती

कुराली/मनीष : फतेहपुरी मोहल्ले की करीब सौ वर्ष पुरानी श्मशान घाट इन दिनों बदहाली का शिकार है। यह श्मशान घाट अनाज मंडी के पीछे को ी समय से उचित रखरखाव के अभाव में यहां की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। श्मशान घाट तक पहुंचने वाली कच्ची सड़क पर मिट्टी डाली गई है। इसके कारण यहां से गुजरने वाले लोगों के कपड़ों पर मिट्टी पड़ती है। वहीं, थोड़ी सी बारिश होने पर सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को इस रास्ते से गुजरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्मशान घाट के मुख्य गेट के सामने भी बारिश का पानी जमा हो जाता है, जो कई दिनों तक खड़ा रहता है। इससे यहां आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होने के साथ-साथ आसपास गंदगी और दुर्गंध की स्थिति भी पैदा हो जाती है। श्मशान घाट परिसर के अंदर भी बड़ी मात्रा में जंगली घास और पौधे उगे हुए हैं। वहीं, परिसर में बने पार्क की उचित देखभाल और रखरखाव न होने के कारण पार्क भी अपनी सुंदरता खो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि श्मशान घाट जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर नियमित सफाई और बेहतर व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। इसके अलावा श्मशान घाट के आसपास बड़ी मात्रा में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जो काफी दूर तक फैले हुए हैं। बारिश के बाद इनसे उठने वाली दुर्गंध के कारण स्थिति और भी खराब हो जाती है। अंतिम संस्कार के लिए बाहर से आने वाले रिश्तेदारों और अन्य लोगों के सामने भी शहर की छवि प्रभावित होती है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भी रोष है कि फतेहपुरी मोहल्ले से दो नगर काउंसिल सदस्य चुने गए हैं, लेकिन इसके बावजूद श्मशान घाट की समस्याओं का अभी तक उचित समाधान नहीं हो पाया है। लोगों ने नगर काउंसिल के प्रधान, ईओ और संबंधित नगर काउंसिल सदस्यों से मांग की है कि श्मशान घाट की सड़क को पक्का करवाने, जलभराव की समस्या दूर करने, जंगली घास व पौधों की सफाई करवाने, पार्क का उचित रखरखाव करने तथा आसपास लगे गंदगी के ढेर हटाने के लिए जल्द कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि इस खबर का संज्ञान लेते हुए नगर काउंसिल प्रशासन जल्द आवश्यक कदम उठाएगा और शहर के इस प्राचीन श्मशान घाट की स्थिति में सुधार किया जाएगा।

तीर्थों से जुड़ी आस्था को मिला सफरः बरिंदर कुमार गोयल

- गांव अन्नदाना और महा सिंह वाला से श्री अमृतसर साहिब के लिए संगत रवाना

डेली आवाज भारती



लहरागागा/संगरूर। आंखों में पवित्र स्थलों के दर्शन की लालसा और चेहरों पर सफर की खुशी लिए आज हलका लहरागागा के गांव अन्नदाना और महा सिंह वाला से संगत 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के तहत श्री अमृतसर साहिब के दर्शन के लिए रवाना हुई। कैबिनेट मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने अन्नदाना से दो बसों और महा सिंह वाला से एक बस में संगत को रवाना करते हुए श्रद्धालुओं को सुखद एवं मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की यह योजना केवल यात्रा की सुविधा नहीं है, बल्कि उन लोगों की लंबे समय से चली आ रही धार्मिक इच्छा को पूरा करने का माध्यम है, जो अधिक उम्र या आर्थिक तंगी के कारण पवित्र स्थलों के दर्शन करने से वंचित रह जाते थे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को आरामदायक ए.सी. बसों के माध्यम से यात्रा करवाने के साथ-साथ रहने और खाने-पीने की व्यवस्था का खर्च भी पंजाब सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल ने कहा कि सेवा और श्रद्धा की भावना को ध्यान में रखते हुए भगवंत सिंह मान सरकार ने 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' का विस्तार किया है, जिसके तहत अब श्रद्धालु श्री खाटू श्याम-सालासर बालाजी, हरिद्वार-ऋषिकेश और मथुरा जी-वृंदावन धाम जैसे पवित्र स्थलों की यात्रा कर रहे हैं। संगत को यात्रा के लिए विदा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा, ÷मेरी अरदास है कि श्रद्धालु पवित्र धरती से पंजाब की खुशहाली, अमन-शांति और हर परिवार की चढ़दी कला की आशीष लेकर लौटें। यात्रा के लिए रवाना हो रहे श्रद्धालुओं, खासकर बुजुर्गों ने खुशी साझा करते हुए मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान और पंजाब सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए सुचारू प्रबंधों से उनके लिए तीर्थ दर्शन की इच्छा को पूरा करने का रास्ता आसान हुआ है।

पुलिस ने 7 ग्राम हैरोइन के साथ 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 7 हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलो में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के ए.एस.आई राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी पवन सिंह पुत्र सोहन सिंह वासी रेलवे बस्ती गुरुहरसहाय हेरोइन बेचने का आदि है और आज भी कोहर सिंह वाला चक्क गुरुहरसहाय में खड़ा ग्राहकों का इंतजार कर रहा है, जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके पवन को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना लक्खोके बहराम के एएसआई त्रिलोक सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर वीरु पत्र पाला सिंह वासी नवां किला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 5 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे त्रिलोक सिंह व राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

'खेडां वतन पंजाब दियां' युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा दे रही हैं: नरिंदर कौर भराज

- मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने खेल मैदानों को युवाओं के सपनों का मंच बनाया: विधायक संगरूर

डेली आवाज भारती



संगरूर। पंजाब की युवा पीढ़ी को नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर उसकी ऊर्जा को खेल, तंदुरुस्ती और सफलता की ओर मोड़ने में 'खेडां वतन पंजाब दियां' सार्थक भूमिका निभा रही हैं। यह बात संगरूर की विधायक नरिंदर कौर भराज ने श्री गुरु तेग बहादुर स्टेडियम, घराचों में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कही। इस अवसर पर जिला योजना बोर्ड के चेयरमैन गुरमेल सिंह घराचों, सरपंच दलजीत सिंह घुम्मण, मलविंदर सिंह, बलजिंदर सिंह, गुरचरण सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। विधायक भराज ने मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान की खेल समर्थक सोच की सराहना करते हुए कहा कि पंजाब के गांवों और शहरों में मौजूद खेल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए शुरू की गई ये खेलें अब एक बड़े खेल उत्सव का रूप ले चुकी हैं। उन्होंने कहा, ÷जब युवा मैदान को अपनी मंजिल बनाता है तो उसकी मेहनत को दिशा, सपनों को उड़ान और जीवन को अनुशासन मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने और अपनी मेहनत से पंजाब का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। जिला योजना बोर्ड के चेयरमैन गुरमेल सिंह घराचों ने कहा कि 'खेडां वतन पंजाब दियां' ने गांवों की खेल प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए बड़ा मंच दिया है। उन्होंने कहा कि खेलों से जुड़ी युवा पीढ़ी अनुशासन, तंदुरुस्ती और सकारात्मक सोच की ओर आगे बढ़ती है। उन्होंने युवाओं को खेल मैदानों से मजबूत जुड़ाव बनाने और अपनी मेहनत से पंजाब का मान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। जिला खेल अधिकारी नवदीप सिंह ने बताया कि संगरूर, धूरी और शेरपुर ब्लॉकों के टूर्नामेंट पूरे हो चुके हैं, जबकि दिड़बा, लहरा और अनदाना में विभिन्न आयु वर्गों के एथलेटिक्स, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी नेशनल व सर्कल स्टाइल और वॉलीबॉल के मुकाबले करवाए जा रहे हैं। आज भवानीगढ़ ब्लॉक की प्रतियोगिताओं की भी शुरुआत हुई। घराचों में एथलेटिक्स, खो-खो, फुटबॉल और वॉलीबॉल, जबकि बैरागी बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टेडियम, पन्नवां में कबड्डी के मुकाबले करवाए जा रहे हैं। इस बार टेनिस बॉल क्रिकेट के मुकाबले भी करवाए जा रहे हैं।

रास्ते पर मिट्टी डालने से रोका तो व्यक्ति को मारपीट कर किया जख्मी

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर बीते दिन गांव मेघा पंज गराई उताड़ में एक व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी करने वाले 7 लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता दलीप सिंह पुत्र कश्मीर सिंह वासी गांव मेघा पंज गराई उताड़ ने बताया कि उसकी मालकी जमीन गांव मेघा पंज गराई उताड़ है और उस पर ईट्टों का रास्ता लगा है, जोकि आगे ढाणी गुदड़ ढंडी वाली को जाती है। पीड़ित ने बताया कि बीती 8 अगस्त को शाम 7 बजे के करीब जब वह अपने खेतों में चक्कर लगाने गया तो वहां पर गुरबख्श सिंह पुत्र ठाकर सिंह, गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह, मंगल सिंह पुत्र काला सिंह, गुरविन्द्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह, लेख सिंह पुत्र कुंदन सिंह, गुरचरन सिंह पुत्र हरनाम सिंह, रणजीत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वासी ढाणी गुदड़ सिंह वाली दाखली पंजेके उताड़ रास्ते पर मिट्टी डाल रहे थे और जब उसने दोषियों को ऐसा करने से रोका तो उन्होंने पीड़ित के साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया।

सरकारी दफ्तरों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मांगों के हल के लिए की अहम बैठक

- बैठक में पटवारी कानूनगो और रेवेन्यू आफिसर यूनियन फिरोजपुर का सर्वसम्मति से किया गया गठन

डेली आवाज भारती



सरकारी दफ्तरों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मांगों को लेकर की बैठक में जानकारी देते हुए कर्मचारी नेता।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): सरकारी दफ्तरों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए फिरोजपुर जिले के सेवानिवृत्त पटवारी, कानूनगो और माल अफसरों की एक संयुक्त बैठक गुरुद्वारा सारागढ़ी में हरमीत विद्यार्थी पूर्व जिला प्रधान की अध्यक्षता में हुईष बैठक की कार्यवाही को आगे चलाते हुए संतोख सिंह तखी ने राजस्व विभाग के रिटायरड कर्मचारियों की जत्थेबंदी की जरूरत पर जोर दिया। जबकि जसबीर सिंह सैनी, जरनैल सिंह, जसवंत सिंह, मंगत वजीदपुरी, दलीप सिंह, बलजिंदर सिंह सहित सभी वक्ताओं ने डीसी दफ्तर में आ रही मुश्किलों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही विशेष रूप से मेडिकल बिलों और बकाए के मामलों में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है संबंधी भी चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पटवारी कानूनगो और रेवेन्यू आफिसर यूनियन फिरोजपुर की स्थापना की गई।

जिसमें जसवंत सिंह और बलजिंदर सिंह को संरक्षक, गुरतेज सिंह गिल को चेयरमैन, जसबीर सिंह सैनी को प्रधान, सोहन लाल को सीनियर उपाध्यक्ष, सुखदेव सिंह ढींडसा और लखवीर सिंह को उपाध्यक्ष, संतोख सिंह तखी को जनरल सेक्रेटरी, राकेश कपूर को खजांची, हरमीत विद्यार्थी को मुख्य सलाहकार और जरनैल सिंह को कानूनी सलाहकार चुना गया। इसके साथ ही बैठक में जसविंदर सिंह खुंगर, शिव कुमार, मनजीत सिंह, जुगराज सिंह, देस राज, पूर्ण सिंह, जसपाल सिंह, जगनंदन सिंह, विजय मैणी, राम सिंह, धर्म सिंह, अशोक सेठी, कुलवंत सिंह और सुधीर कुमार शामिल हुए। अंत में चुने गए पदाधिकारियों ने शपथ ली कि वह पूरी निष्ठा से सेवानिवृत्त साथियों के मसलों के समाधान के लिए प्रयास करेंगे।

अज्ञात लोगों ने व्यक्ति के खाते से लाखों की राशि निकालकर की धोखाधड़ी

- पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात लोगों पर दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना साईबर क्राईम फिरोजपुर की पुलिस ने एक व्यक्ति के खाते से लाखों रुपए की राशि निकालने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज किया है। मालूम हो कि उक्त मामलें में पीड़ित ने हैल्प लाईन नंबर पर भी शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी देते हुए थाना साईबर क्राईम फिरोजपुर के इंस्पैक्टर सुखबीर कौर ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता साब सिंह पुत्र परमजीत सिंह वासी हाऊ नंबर 1 फेस नंबर 1 पार्ट-02 बेदी ग्रीन ऐवेन्यू फिरोजपुर ने बताया कि बीती 3 सितंबर को अचानक से उसका फोन बंद हो गया और उसने उसे कोशिश की तो वह आन नहीं हुआ। पीड़ित ने बताया कि उसने अपना फोन चार्ज लगा दिया और जब फोन आन हुआ तो उसका मोबाईल सी-सेट हो चुका था। जिसके बाद उसे कई नोटिफिकेशन आने शुरु हो गए और उसके खाते में से 3 सितंबर 2026 को 1 लाख 46 हजार 705 रुपए पांच ट्रांजैक्शनों के जरिए निकल गए और 4 सितंबर 2026 को 2 ट्रांजैक्शनों के जरिए उसके खाते से 1 लाख रुपए निकल गई, जिसके बाद उसने बैंक में जाकर अपने खाते को फ्रीज करवाया है और उसके बाद उसने उसकी शिकायत 1930 हैल्प लाईन पर शिकायत दर्ज करवाई थी। मामले की जांच कर रही सुखबीर कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

स्पीकर संधवां की कोठी का घेराव करने के लिए पंजाब पेंशनर फेडरेशन का काफिला हुआ रवाना

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब मुलाजिम एवं पेंशनर सांझा फ्रंट और सांझा मुलाजिम मंच पंजाब की सांझी तालमेल कमेटी द्वारा दिए गए आह्वान पर शनिवार को पंजाब पेंशनर फेडरेशन जिला फिरोजपुर का काफिला किशन चंद जागोवालिया जिला प्रधान और प्रताप सिंह ढिल्लों जिला महासचिव के नेतृत्व में रवाना हुआ। इस दौरान नेताओं ने बताया कि सांझी तालमेल कमेटी पंजाब द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार मोगा, फिरोजपुर, फजिल्का, फरीदकोट, श्री मुक्तसर साहिब के चार जिलों से मुलाजिमों और पेंशनरों की मांगों के संबंध में करतार सिंह संधवां स्पीकर विधानसभा के घर के सामने रैली करने के उपरांत घेराव किया गया। उन्होंने बताया कि पंजाब विधान सभा चुनावों के मौके पर किए गए वादे पूरे नहीं किए गए, पंजाब सरकार द्वारा मुलाजिमों और पेंशनरों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पंजाब द्वारा तालमेल कमेटी को मीटिंगों का समय देकर मीटिंगें नहीं की जा रही हैं। जिस कारण मुलाजिमों और पेंशनरों द्वारा सरकार के विरुद्ध रोष रैलियां और प्रदर्शन किए जा रहे हैं। उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि मान्नीय अदालतों द्वारा मुलाजिमों और पेंशनरों के हक में किए गए फैसलों को लागू किया जाए, छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को ज्यों का त्यों लागू किया जाए, मुलाजिमों और पेंशनरों के मसलों को जल्द हल करने के लिए सांझी तालमेल कमेटी को समय दिया जाए, नहीं तो आने वाले समय में ओर बड़े संघर्ष किए जाएंगे। इस काफिले में डा.प्रदीप राणा, नरेश सैनी पूर्व पंजाब प्रधान कृषि, इकबाल सिंह, बिक्कर सिंह, बलवीर सिंह गोखीवाला, रमेश भट्टी, मनोज शर्मा, गुरजिंदर सिंह, अमरीक सिंह, मस्सा सिंह, चंद्रमोहन, जीत सिंह, सतनाम सिंह, राजकुमार, पवित्र सिंह,चंद्र मोहन कमिश्नर दफ्तर, सुखविंदर सिंह किंगरा, राजेंद्र भारती, तरसेम बेदी जिला प्रधान, बलवीर सिंह कंबोज सीनियर उप प्रधान पंजाब, जोगींदर सिंह, स्वर्ण सिंह और रणवीर कुक्कू और अन्य साथी शामिल थे।

श्री संकट मोटन बाला जी धाम गांव निधाने से तीर्थ स्थानों के दर्शन कर लौटी संगत

डेली आवाज भारती



धार्मिक स्थल पर कीर्तन करते हुए और सालासर धाम मंदिर में नाचते गाते हुए भक्तजन।



गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): शहर के नजदीकी गांव निधाना में अंस्था के प्रतीक श्री संकट मोचन बाला जी धाम मंदिर से पुजारी बलविन्द्र जी महाराज के नेतृत्व में 108 भक्तों की टोली शअरी महंदीपुर धाम, श्री खाटू शाम व सालासर में श्री बाला जी के मंदिरों में दर्शन करके बीते दिन लौटे। इस संबंधी जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के प्रधान सुभाष चंद्र नारंग टीटू ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री संगट मोचन बाला जी धाम गांव निधाना को तरफ से राजस्थान के तीर्थ स्थानों के दर्शन करनें क लिए 2 बसों के जरिए 108 भक्तों का जत्था रवाना हुआ था। यह सभी यात्री पुजारी बलविन्द्र जी महाराज के साथ इस यात्रा पर गए थे। इस जत्ते ने श्री मंहदीपुर धाम, श्री खाटू श्याम, श्री सालासर ने बाला जी के दर्शन किए। इसके अलावा अंजनी माता जी का मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, कालका माता मंदिर, इच्छापूर्णी माता मंदिर व पंचमुखी हनुमान मंदिर के दर्शन किए। इस धार्मिक यात्रा में चंडीगढ़, अह्मदगढ़ मंडी, रानीयां मंडी, लाधूका, फाल्का, लुधियाना, मक्खू, फिोरजपुर, गुरुहरसहाय, अमृतसर, फरीदकोट व अबोहर की संगत विशेष तौर पर शामिल थी।

व्यक्ति के बेटे को नौकरी दिलवाने का झांसा देकर 1 लाख 50 हजार ठगे

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने गांव मेघा पंज गराई उताड़ निवासी व्यक्ति के बेटे के नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता जोगिन्द्र सिंह पुत्र अर्जुन सिंह वासी गांव मेघा पंज गराई उताड़ ने बताया कि उसके बेटे गुरविन्द्र सिंह को दोषी प्रिंस पुत्र हरबंस सिंह, गगनदीप सिंह पुत्र हरबंस सिंह व पाशो बाई पत्नी हरबंस सिंह वासी प्रभात सिंह वाला ने नौकरी दिलवाने का झांसा देकर उसके साथ 1 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की है। मामले की जांच कर रहे राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सभी दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

38.52 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान के साथ 16 व्यक्ति गिरफ्तार

गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत पुलिस ने दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 38.52 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना कुलगड़ी, थाना मल्लांवाला, थाना सिटी एवं थाना सदर फिरोजपुर, थाना आरफके, थाना तलवंडी भाई और थाना घल्लखुर्द में मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई शर्मा सिंहन बताया कि उन्होंने ने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर अरुण सहोता पुत्र कुलवंत सिंह वासी नजदीक चर्च बस्ती आवा फिरोजपुर, विवेक पुत्र मोहन लाल वासी गली कुमार वाली भट्टीयां वाली फिरोजपुर, साहिल पुत्र जगदीश वासी नजदीक पानी वासी टैंकी बस्ती आवा फिरोजपुर, एकलव्य पुत्र लक्की वासी जनता प्रीत नगर नजदीक दाना मंडी फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 ग्राम हेरोइन, थाना सदर फिरोजपुर के एच.सी परमिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शम्मी पुत्र सदीक वासी हड्डा रोड़ी नजदीक बस्ती निजामदीन वाली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 ग्राम हेरोइन, थाना आरफके के एस.आई हरमेहताब सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान कामल वाला उर्फ मुठियां बंध वाला से रेवल उर्फ निरवैर पुत्र मंगल सिंह वासी बस्ती बोरीयां वाली फिरोजपुर, गुरदित्त सिंह पुत्र जुगराज सिंह वासी गांव गुलाम पतरा व मनिंद्र सिंह पुत्र सुरिन्द्र सिंह वासी कसूरी गेट फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.15 ग्राम हेरोइन, लाईटर, सिल्वर पन्नी व 10 रुपए का नोट, थाना कुलगड़ी के एएसआई अमनदीप ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान बुटे वाला गांव की लिंक रोड से सुखविन्द्र सिंह उर्फ सुखा पुत्र मुख्तैयार सिंह वासी गांव नौरंके लेली वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.8 ग्राम हेरोइन, थाना घल्लखुर्द के एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के सथ गश्त व चैकिंग के दौरान कुलदीप सिंह उर्फ लोहरी पुत्र काकू सिंह वासी वार्ड नंबर 8 कब्बर वच्छा रोड मुदकी, प्रवेज गोयल उर्फ पेजी पुत्र कृष्ण कुमार वासी बस्ती वार्ड नंबर 5 नजदीक बाबे बोरे वाले कुटिया तलवंडी भाई और रणजीत ठाकुर उर्फ बिट्टू पुत्र नरेश कुमार वासी वार्ड नंबर 1 मेन बाजार तलवंडी भाई फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 6.29 ग्राम हेरोइन, लाईटर, सिल्वर पन्नी, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सर्बजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान एनएच-54 की पार्किंग के नजदीक से रवि सिंह पुत्र जरनैल सिंह व रणवीर सिंह उर्फ पप्पू पुत्र गुरप्रीत सिंह वासी अजीत नगर तलवंडी भाई को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी, लाईटर, एक 10 रुपए का नोट रोल किया और थाना मल्लांवाला के एस.आई बलविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान किक्कर सिंह पुत्र मलूक सिंह व धर्मा पुत्र गुलाब वासी वार्ड नंबर 5 कट्टियां वाला मुहल्ला मल्लांवाला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

CMYK

page 5_Layout 1 12-09-2026 20:38 Page 1

जरुरतमंदों की मदद के लिए लायंस क्लब फिरोजपुर बॉर्डर द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

56 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान, जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए बढ़ाया गया सेवा का हाथ

डेली आवाज भारती





लायंस क्लब फिरोजपुर बार्डर की तरफ से लगाए रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए लोग और रक्तदानियों को सम्मानित करते हुए संस्था पदाधिकारी व गणमांय।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय लायंस क्लब फिरोजपुर बॉर्डर द्वारा जरूरतमंद मरीजों की सहायता के उद्देश्य से शनिवार को होटल आमंत्रण बाजार नंबर 2 फिरोजपुर कैंट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 56 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है। किसी स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त की आवश्यकता कभी भी किसी भी व्यक्ति को पड़ सकती है और ऐसे समय में स्वैच्छिक रक्तदाताओं द्वारा किया गया रक्तदान अमूल्य साबित होता है। क्लब प्रतिनिधियों ने कहा कि रक्तदान केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को जीवन देने का अवसर है। उन्होंने सभी स्वस्थ एवं योग्य नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने और अपने परिवार, मित्रों तथा युवाओं को भी इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करने की अपील की। शिविर के सफल आयोजन में मयंक फाउंडेशन, भगवती एक्सपोर्ट राइस, सागर रत्ना, निर्वाण इंडेन गैस एजेंसी, अग्रवाल ट्रेडर्स, चबीला एम्पोरियम, फिरोजपुर फाउंडेशन तथा अग्रवाल डेंटल क्लिनिक का विशेष सहयोग रहा। अग्रवाल डेंटल क्लिनिक द्वारा शिविर के दौरान दंत चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को दांतों एवं मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लायंस क्लब फिरोजपुर बॉर्डर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रक्तदान करने वाले सभी 56 रक्तदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी भागीदारी समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है। इस मौके पर लायन आशीष अग्रवाल अध्यक्ष, एमजेएफ लायन आशीष शर्मा एडवोकेट एमएमए प्रभारी, एमजेएफ लायन रोहित गर्ग चेयरपर्सन लियो क्लब,लायन मनप्रीत जोसन, लायन गगन जोसन, लायन चेतन पाल सिंह जोसन,लायन हेमंत मित्तल, लायन दीपक गुप्ता, लायन गौरव लूथरा, लायन लव छाबड़ा, लायन अंकुर चोपड़ा क्लब सदस्यों ने कहा कि लायंस क्लब फिरोजपुर बॉर्डर भविष्य में भी समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रखेगा। उन्होंने युवाओं एवं सामाजिक संस्थाओं से विशेष रूप से अपील की कि वह रक्तदान जैसे मानवीय कार्यों में बढ़-चढे र भाग लें।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 16726 मामलों का किया गया निपटारा

डेली आवाज भारती



राष्ट्रीय लोक अदालत में जज साहिबान लोगों के मामलों के हल करती हुई।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): राष्ट्रीय लीगल सेवा अथॉरिटी दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार पूरे हिंदुस्तान में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। इन दिशा-निर्देशानुसार मानन्नीय कार्यकारी अध्यक्ष पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण मोहाली के आदेशों का पालन करते हुए सुमित मल्होत्रा जिला और सैशन न्यायाधीश फिरोजपुर की अध्यक्षता में जिला कानूनी सेवा अथॉरिटी फिरोजपुर द्वारा फिरोजपुर जिले की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसके तहत जिला फिरोजपुर में कुल 14 बेंच बनाए गए, जिनमें सेशन डिवीजन फिरोजपुर की अदालतों में 10 बेंच, स्थायी लोक अदालत में 1 बेंच, जीरा में 1 बेंच और गुरुहरसहाय में 2 बेंच बनाए गए हैं। जानकारी के अनुसार इस लोक अदालत में कुल 21194 मामले लगाए गए, जिनमें से 16726 मामलों का निपटारा किया गया। इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों जैसे दीवानी मामले, सुलह योग्य फौजदारी मामले, चेक बाउंस, रिकवरी के मामले, ट्रैफिक चालान और घरेलू झगड़ों के मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल मामले और प्री-लिटिगेशन मामले, जिनमें बैंक रिकवरी, प्राइवेट फाइनेंस कंपनी, मोबाइल और टेलीफोन कंपनियों के मामलों का निपटारा पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। लोक अदालत में आने वाले लोगों की मदद और पूछताछ के लिए जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, फिरोजपुर की ओर से जिला कोर्ट कांप्लेक्स फिरोजपुर के पब्लिक एंट्री गेट पर एक हेल्प डेस्क भी लगाया गया, ताकि लोगों को सुविधा हो सके। इसी तरह दोनों उप-मंडलों जीरा और गुरुहरसहाय में भी हेल्प डेस्क लगाए गए। लोक अदालत में फैसला हुए मामलों की कोई अपील दलील नहीं है। लोक अदालत में हुए फैसले को डिक्री की मान्यता प्राप्त है और यह फैसले संतोषजनक होते हैं और पक्षों को मुकदमेबाजी से मुक्ति मिलती है और अन्य कई मानसिक परेशानियों से पक्षों को मुक्ति मिलती है। दोनों पक्ष स्वयं को विजयी महसूस करते हैं और किसी भी पक्ष की हार नहीं होती।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 33 ग्राम हैरोइन के साथ 3 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी, सदर एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 33 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव फैरोके के नजदीक से धर्मप्रीत सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह वासी मरखाई को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन और थाना सिटी जीरा के इंस्पैक्टर जसविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शाहवाला रोड सेमनाला पुल के नजदीक से विक्की कुमार पुत्र मंगल कुमार वासी सनेर रोड जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 28 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि एक अन्य मामलें में थाना मक्खू के इंस्पैक्टर जतिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर अकाशदीप सिंह पुत्र लखविन्द्र सिंह वासी संजे गांधी नगर मल्लांवाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे जसविन्द्र सिंह, गगनप्रीत सिंह व जतिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त सभी लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

विदेश भेजने के नाम पर जाली टिकटें देकर पीड़ित से 7 लाख 50 हजार ठगे

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना ममदोट की पुलिस ने एक व्यक्ति को विदेश भेजने का झांसा देकर उसे जाली टिकटें देकर उसके साथ लाखों रुपए की ठगी करने वाले दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना ममदोट के एएसआई दर्शन सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता विजय कुमार पुत्र सुरजीत सिंह वासी फारु वाला ने बताया कि दोषी सुखविन्द्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह वासी चक्क बाह्मणी वाला जिला जालंधर और बलराज सिंह पुत्र रघुबीर सिंह वासी बडुवाला रोड ने मिलीभुगत करके उसे विदेश रुप (रशिया) भेजने संबंधी झांसा देकर जाली ऐयर टिकटें देकर उसके साथ 7 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की है। इसके साथ ही दोषियों ने उसे आर्थिक और मानसिक तौर पर नुकसान पहुंचाया है। मामले की जांच कर रहे दर्शन सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

डेरा बाबा गोसाइआणा, कुराली में सालाना मेला आज, धार्मिक समागमों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) – डेरा बाबा गोसाइआणा, कुराली में सालाना मेला आज श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मेले को लेकर संगत में भारी उत्साह पाया जा रहा है। कुराली शहर के अलावा आसपास के गांवों और दूर-दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में संगत के पहुंचने की उम्मीद है। यह प्राचीन मेला महंत 1008 श्री धनराज गिर जी महाराज जी के आशीर्वाद सदका करवाया जाता है। यह मेला लंबे समय से धार्मिक श्रद्धा और परंपरा के अनुसार चलता आ रहा है। हर वर्ष इस मेले में दूर-दूर से संगत पहुंचकर बाबा जी के चरणों में नतमस्तक होती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त करती है। यह मेला क्षेत्र की धार्मिक आस्था और आपसी भाईचारे की सांझ का प्रतीक बना हुआ है। मेले के दौरान धार्मिक समागमों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करवाए जाएंगे। इस मौके पर अमरिंदर बोबी, गुरबख्श शौंकी, हरविंदर नूरपुरी, सुखी घुम्मण, उमिंदर ओमा, दविंदर जुगनी, दीपक मान रोपड़ वाला, मिस लगन, हुशियार माही, रमन सग्गू, लविश चौहान, जसप्रीत जस्सी, लखवीर लख्खा, रतन भाई रिशू, रमी कुराली, अर्शदीप चीमा, रमन कुमार टोनी, नीटा जस्सल, जग्गी सीहो माजरा, मनमोहन किशनपुरा और बलकार सिंह भंगू सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से हाजिरी भरेंगे। मेले का विशेष आकर्षण विशाल कुश्ती दंगल रहेगा, जो शाम 5 बजे करवाया जाएगा। इसमें विभिन्न इलाकों से नामवर पहलवान पहुंचकर अपने जौहर दिखाएंगे। मेले के दौरान स्टेज सेक्रेटरी की सेवा तरिंदर तारा द्वारा निभाई जाएगी। पत्रकारों से जानकारी सांझी करते हुए उमिंदर ओमा ने बताया कि मेले को लेकर सभी प्रबंध मुकम्मल कर लिए गए हैं। उन्होंने संगत से अपील की कि वे परिवारों सहित मेले में पहुंचकर बाबा जी के चरणों में नतमस्तक हों और उनका आशीर्वाद प्राप्त करें।

पुलिस ने पिस्टल समेत मैगजीन और 2 रौंद सहित 1 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना छावनी फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके एक व्यक्ति को पिस्टल समेत मैगजीन और 2 जिंदा रौंद बरामद किए है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए असलाह एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना छावनी फिरोजपुर के एएसआई साहिब सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान लाईटों वाला चौक फिरोजपुर छावनी में सूचना मिली थी कि अजय पुत्र बुटा वासी मोहरे झोक टहल सिंह के पास अवैध पिस्टल है और उसे वह हमेशा अपने पास रखता है, जोकि इस समय शमशानघाट रोड पर खड़ा किसी का इंतजार कर रहा है, जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके अजय को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से अवैध 1 पिस्टल गलोक समेत मैगजीन और 2 जिंदा रौंद 9 एमएम बरामद किए है।

'ब्रिक्स देशों के बीच मतभेद कम करने में भारत की अहम भूमिका': गौरी शंकर गुप्ता, पूर्व राजनयिक

डेली आवाज भारती



मोहाली, (संदीप अकालगढ़िया): चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मॉडल यूनाइटेड नेशंस-2026 (ष्ट-स्ह्व 2026) का शानदार आगाज हुआ। दो दिवसीय इस सम्मेलन में 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 60 से अधिक विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्कूलों से 300 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के दौरान विद्यार्थी प्रतिनिधि, राजनीतिक प्रतिनिधि और नीति-निर्माताओं की भूमिका निभाते हुए भारत और विश्व से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. गौरी शंकर गुप्ता (आईएफएस), पूर्व सदस्य, यूनेस्को की कार्यकारी समिति तथा पूर्व प्रमुख, प्रशासन, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि भारत के पश्चिमी देशों, ग्लोबल साउथ और पूर्वी देशों के साथ अच्छे संबंध हैं उन्होंने कहा कि भारत के रूस और अमेरिका दोनों के साथ अच्छे रिश्ते हैं और इसी कारण भारत विभिन्न देशों के बीच संवाद बढ़ाने तथा मतभेद कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है उन्होंने कहा कि ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी करते समय भारत की यह स्थिति अलग-अलग विचार रखने वाले देशों को एक मंच पर लाने में मददगार साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति भी विभिन्न देशों के बीच संवाद और आपसी समझ बढ़ाने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत इजरायल और ईरान के बीच भी मतभेद कम करने के लिए बातचीत का रास्ता खोल सकता है, क्योंकि भारत दोनों देशों से संवाद करने की स्थिति में है उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्व स्तर पर भारत का महत्व और अधिक बढ़ेगा। संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की आवश्यकता पर बात करते हुए गुप्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और ब्रेटन वुड्स संस्थाओं का गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद उस समय की वैश्विक शक्ति-संरचना के आधार पर किया गया था। आज दुनिया काफी बदल चुकी है। भारत, चीन, रूस, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसी शक्तियों की भूमिका बढ़ी है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र में उन्हें उनकी बढ़ती भूमिका के अनुरूप स्थान नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि इसी कारण संयुक्त राष्ट्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाइयां आती हैं और मौजूदा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। ब्रिक्स में अमेरिकी डॉलर के विकल्प के संबंध में गुप्ता ने कहा कि इसका उद्देश्य अमेरिकी डॉलर की जगह चीनी युआन को लाना नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश साझा मुद्रा अथवा दो देशों के बीच सीधे भुगतान की व्यवस्था पर विचार कर सकते हैं, जिससे व्यापार और आर्थिक संबंधों को अधिक आसान बनाया जा सके।

वड़िंग ने गुलज़ार सिंह की आत्महत्या के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए आप पर अपने 'प्रॉक्सी' सीजेपी का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया

पंजाब की चरमराई शिक्षा व्यवस्था की तारीफ करने को लेकर वडिंग ने सीजेपी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने आज कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी (AAP) सरकार ने गुलज़ार सिंह की आत्महत्या के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने के लिए अपने प्रॉक्सी संगठन 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) का इस्तेमाल किया है। गुलज़ार सिंह की आत्महत्या के लिए वड़िंग ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा को जिम्मेदार ठहराया। वड़िंग ने पंजाब की शिक्षा व्यवस्था की तारीफ करने को लेकर CJP की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि AAP सरकार के कार्यकाल में राज्य की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। PCC अध्यक्ष ने कहा कि यह किसी से छिपा नहीं है कि CJP, AAP का प्रॉक्सी संगठन है और वह खुले तौर पर और पर्दे के पीछे AAP के एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, जब पंजाब में AAP सरकार पर गुलज़ार सिंह की आत्महत्या के मामले में वित्त मंत्री हरपाल चीमा को बर्खास्त करने का भारी दबाव था, तब उसने CJP के कार्यकर्ताओं को पंजाब के स्कूलों का तथाकथित ऑडिट करने के लिए भेज दिया। उन्होंने कहा कि यह जानबूझकर किया गया, ताकि गुलज़ार सिंह की आत्महत्या के मुद्दे से ध्यान हटाकर शिक्षा व्यवस्था की खराब स्थिति की ओर मोड़ा जा सके। वड़िंग ने कहा कि AAP को अच्छी तरह पता था कि CJP द्वारा उसकी खराब शिक्षा व्यवस्था की तारीफ करना उल्टा पड़ सकता है। इसके बावजूद सरकार ने यह उम्मीद करते हुए ऐसा किया कि गुलज़ार सिंह की आत्महत्या का मुद्दा पीछे चला जाएगा। उन्होंने कहा, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। चीमा को इस्तीफा देना होगा और जेल जाना होगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे। राज्य की शिक्षा व्यवस्था की खराब स्थिति का जिक्र करते हुए वड़िंग ने कहा कि पंजाब में स्वीकृत 1,03,052 शिक्षक पदों में से 18,015 पद खाली पड़े हैं। वहीं, राज्य के 1,927 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में से 1,113 स्कूलों में प्रिंसिपल नहीं हैं। न्होंने कहा कि शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों की कमी केवल सामान्य सरकारी स्कूलों तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकार के प्रमुख 'स्कूल्स ऑफ एमिनेंस' कार्यक्रम में भी यह समस्या दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के स्कूल्स ऑफ एमिनेंस में 140 से अधिक स्टाफ पद खाली हैं। इससे सरकार की उस क्षमता पर सवाल उठते हैं, जिसके तहत वह इस कार्यक्रम के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का दावा करती है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में आई गिरावट का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या करीब 1.54 लाख कम हुई है, जबकि निजी स्कूलों में छात्रों की संख्या लगभग 82,000 बढ़ी है। वडिंग ने कहा कि यह बदलाव दिखाता है कि अभिभावकों का सरकारी स्कूलों पर भरोसा कम हो रहा है। उन्होंने सरकारी शिक्षा व्यवस्था में बदलाव लाने के सरकार के दावों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आगे कहा कि 2025 में चलाए गए एक वेरिफिकेशन अभियान के दौरान करीब 70,000 फर्जी छात्र प्रविष्टियां पाई गई थीं।

120 ग्राम चांदी के जैवरात सहित पुलिस ने 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर):थाना छावनी फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके चोरी के चांदी के जैवरात सहित 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर चोरी की विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना छावनी फिरोजपुर के एएसआई जगतार सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि पिथवी उर्फ साजन उर्फ गंजू पुत्र विकास जीत वासी सेठी मल मॉडल स्कूल वाली गली मक्खू गेट फिरोजपुर चोरीयां करने का आदि है और आज भी वह चोरी किया सामान लेकर अनाथ आश्रम के बैक साईड पर खड़ा ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके करके पृथ्वी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी के 120 ग्राम चांदी के जैवरात बरामद किए है। मामले की जांच कर रहे जगतार सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में पृथ्वी पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

खेडा वतन पंजाब दियां का जिले में शानदार आगाज

पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने ब्लॉक माजरी व खरड़ में खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

डेली आवाज भारती



खरड़/माजरी,(संदीप अकालगढ़िया) पंजाब सरकार के खेल विभाग द्वारा आयोजित की जा रही 'खेडा वतन पंजाब दियां-2026 सीजन-4' के तहत जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर में खरड़ और माजरी के ब्लॉक स्तरीय खेल मुकाबलों का आज शानदार आगाज हुआ। इस अवसर पर पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन स. परमिंदर सिंह गोल्डी ने ब्लॉक माजरी और खरड़ में शिरकत करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि 'खेडा वतन पंजाब दियां-2026' पंजाब सरकार की एक सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने के लिए मंच प्रदान किया जा रहा है। ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों के दौरान कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स तथा क्रिकेट (टेनिस बॉल) सहित विभिन्न खेलों के मुकाबले करवाए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। वॉलीबॉल के अंडर-14 वर्ग में ब्लॉक माजरी की कुराली टीम ने पहला स्थान, खिजराबाद की टीम ने दूसरा स्थान तथा रतवाड़ा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अंडर-14 लड़कों के मुकाबलों में गांव रतवाड़ा की टीम ने पहला, गांव मुल्लांपुर गरीबदास की टीम ने दूसरा तथा गांव मधुसंगतियां की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर विजेता रहने वाली टीमें अगले चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी जिला स्तर पर विजेता रहने वाली टीमों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तर पर विजेता रहने वाली टीमों/खिलाड़ियों को सरकार द्वारा पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल करने वाले को 10,000 रुपये, द्वितीय स्थान हासिल करने वाले को 7,000 रुपये तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 5,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। जिला खेल अधिकारी श्रीमती उमेश्वरी शर्मा ने विभिन्न ब्लॉकों में पहुंचकर चल रहे खेल मुकाबलों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल मुकाबले युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और खेल विभाग द्वारा इन प्रतियोगिताओं को सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से करवाने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

घर में दाखिल होकर जैवरात चोरी करने वाली बहु के खिलाफ मामला दर्ज

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना तलवंडी भाई की पुलिस ने कुछ समय पहले अपने ससुराल घर से सोने के जैवरात चोरी करने वाले बहु के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज किया है। मालूम हो कि उक्त मामलें में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर जांच करने के बाद दोषी महिला के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी देते हुए थाना तलवंडी भाई के एएसआई गुरबिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सुरिन्द्र कुमार पुत्र गुरमुख सिंह वासी वार्ड नंबर 8 तलवंडी भाई ने बताया कि उसके बेटे रमनदीप सिंह का विवाह दोषी कुलविन्द्र कौर पुत्री इंद्रजीत सिंह वासी एलआईजी फ्लैट नंबर 401 गुरु अर्जुन देव नगर लुधियाना के साथ हुआ था और जिसकी संगत बुरी होने के कारण पीड़ित ने उन्हें बेदखल रक दिया था। पीड़ित ने बताया कि उसके बावजूद 7 नवंबर 2025 को कुलविन्द्र कौर ने पीड़ित के घर में दाखिल होकर वहां से 6 तोलें सोने के जैवरात चोरी किए है। मामले की जांच कर रहे गुरबिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में कुलविन्द्र कौर पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 12-09-2026 17:00 Page 1

आवाज भारती फिल्मी तड़का

वीकेंड के वार में काजी तौकीर पर मेहरबान हुए सलमान खान

कहा-इस घर में रॉकस्टार तो एक ही है



अभिनेता सलमान खान इन दिनों रियलिटी शो 'बिग बॉस-20' में होस्ट के तौर पर नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने पहले वीकेंड के वार में गायक-कंटेस्टेंट काजी तौकीर को घर का इकलौता रॉकस्टार बताया। जियो हॉटस्टार ने वीकेंड के वार की झलक इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा, ÷काजी तौकीर के रॉकस्टार अंदाज ने भाई को भी दीवाना बना दिया।÷ वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान खान कहते हैं, ÷इस घर में कितने भी स्टार्स हैं। रॉकस्टार तो एक ही है, काजी तौकीर। इसके बाद सलमान ने बिग बॉस 20 के घरवालों से काजी तौकीर का स्टेप करवाया और फिर कहा कि यह स्टेप उनके लिए बहुत मुश्किल है। पहले हफ्ते में कनिका मान, उदिति सिंह, लव गिल और अरिश्फा खान नॉमिनेट हए हैं। उम्मीद लगाई जा रही है कि पहले वीकेंड का वार में ही पहला एविक्शन हो सकता है।

बिग बॉस का 20वां सीजन 6 सितंबर को शुरू हुआ था। इस बार शो में 16 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स की अलग-अलग लाइनअप है, जिसमें एमसी मैरी कॉम, कनिका मान, माही विज, कुशाल तंवर, अमन गांधी, ईशा ऋखी, अरिश्फा खान, काजी तौकीर, आसिफ खान, आम्रपाली दुबे, रिद्धि तिवारी, उदिति सिंह, तन्मय सिंह उर्फ स्काउटओपी, रोहेड खान, यंग डीएसए और लव गिल जैसे नाम शामिल हैं।

बिग बॉस भारत में बिग बॉस फ्रेंचाइजी का एक भारतीय हिंदी भाषा का रियलिटी टेलीविजन शो है, जो कलर्स टीवी पर आता है। इस बार शो की थीम %तथास्तु% रखी गई है, जिसके तहत कंटेस्टेंट्स को गेम में आगे टिके रहने के लिए दो लाइफलाइन (मौके) मिलेंगी। इस सीजन के घर को वर्षा जैन ने डिजाइन किया है जिसकी थीम %सिविलाइजेशन% और फैंटेसी वर्ल्ड जैसी है।

काजी तौकीर की बात करें तो उन्होंने रुपरेखा बनर्जी के साथ फेम गुरुकुल शो जीता। उन्हें भारतीय जनता ने फेम गुरुकुल, फेम एकेडमी के भारत के वर्शन का विनर चुना। उन्होंने 2005 के आखिर में रूपरेखा के साथ एक नया एल्बम रिलीज किया था।

बतौर निर्माता 'डोंट बी शाय' को लेकर नर्वस महसूस कर रहीं आलिया



अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी प्रोड्यूस आगामी फिल्म %डोंट बी शाई% को लेकर सुर्खियों में चल रही हैं। अभिनेत्री ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान बताया कि वह फिल्म के साथ चार नए एक्टर्स और एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर को इंट्रोड्यूस करने को लेकर ज्यादा नर्वस हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान आलिया से पूछा गया था कि क्या उन्हें कभी लगा कि उन्हें भी इस फिल्म में एक्टिंग करनी चाहिए थी, तो इस पर उन्होंने कहा, ÷नहीं, मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मुझे इस फिल्म में एक्टिंग करनी चाहिए थी।÷ आलिया ने फिल्म को लेकर उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस करने से उन्हें एक अलग तरह की खुशी मिली है, क्योंकि वह शुरू से ही इसकी कहानी और इसकी दुनिया बनाने में शामिल रही हैं। उन्होंने कहा, ÷14 साल पहले मैंने फिल्म %स्टूडेंट ऑफ द ईयर% से एक एक्टर के तौर पर अपना डेब्यू किया था और अब इतने सालों बाद मैं चार नए एक्टर्स और एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर को इंट्रोड्यूस कर रही हूं और मैं अभी उनसे कहीं ज्यादा नर्वस हूं। क्योंकि, आपके सवाल का जवाब दूं तो, मुझे एक एक्टर होना और कैमरे के सामने रहना पसंद है, लेकिन एक प्रोड्यूसर होने का एक अलग ही तरह का सुकून है।÷

एक्ट्रेस ने आगे कहा- ÷जब फिल्म की निर्देशक श्रीति मुखर्जी हमारे पास इस मूवी बनाने का आइडिया लेकर आईं, तो हमने ही कहा कि चलो इसे साथ में करते हैं और फिर हम इसे अपने प्यारे पार्टनर्स के पास ले गए। यह कहानी मेरे दिल के बहुत करीब है और हर कोई इससे जुड़ पाएगा।÷

श्रीति मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म %डोंट बी शाय% 20 साल की लड़की श्यामिली %शाइ% दास की कहानी है, जो मानती है कि उसने ज़िंदगी को समझ लिया है, लेकिन वह देखती है कि उसकी सोची-समझी जिंदगी एक अचानक मोड़ ले लेती है, क्योंकि सब कुछ उसके कंट्रोल से बाहर होने लगता है। इसमें आरुषि बजाज, पीयूष खाती, बियांका अरोड़ा और अंश दुग्गल जैसे नए चेहरे मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ कुणाल रॉय कपूर और नेहा धूपिया भी नजर आएंगे। 25 सितंबर 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है।

'प्रेम कीटाणु' की रिलीज़ से पहले वीर पहाड़ियों ने कामाख्या मंदिर में लिया आशीर्वाद

अभिनेता वीर पहाड़िया ने अपनी आगामी फिल्म प्रेम कीटाणु की रिलीज़ से पहले हाल ही में असम स्थित प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में दर्शन कर मां कामाख्या का आशीर्वाद लिया। अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा की झलक सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अभिनेता ने मंदिर परिसर की एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसके साथ उन्होंने लिखा है, ÷जय जय मां कामाख्या।÷ इस दौरान वीर पारंपरिक नीले कुर्ते के साथ लाल और सुनहरे रंग का आकर्षक स्टोलअंगवस्त्र पहने नजर आए। मंदिर में प्रार्थना करते हुए उनका यह शांत और आध्यात्मिक अंदाज ऐसे समय में सामने आया है, जब वह अपनी अगली बड़ी फिल्म की



रिलीज़ %प्रेम कीटाणु% की तैयारी में लगे हैं। %प्रेम कीटाणु% का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है। फिल्म में वीर पहाड़िया के साथ अपारशक्ति खुराना, आफिया सैयद, राकेश बेदी और निखिल विजय भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आनेवाले हैं। यह फिल्म युवाओं के एक समूह की कहानी है, जो कॉलेज लाइफ, दोस्ती, प्यार, सपनों और दिल टूटने के अनुभवों से गुजरते हैं। यह फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में 2 अक्टूबर 2026, गांधी जयंती के अवसर पर रिलीज़ होने वाली है। यह निर्माता गौरव वर्मा के बैनर अवनीका फिल्म्स की पहली प्रोडक्शन भी है। स्काई फोर्स से अभिनय की शुरुआत करने वाले वीर पहाड़िया अब 'प्रेम कीटाणु' के जरिए एक अलग तरह की भूमिका और जॉनर में नजर आने के लिए तैयार हैं। फिल्म का प्रमोशनल कैंपेन शुरू हो चुका है और तू मेरा रइय्यो जैसे गाने भी दर्शकों के बीच पहुंच रहे हैं, जिससे इस रोमांटिक कॉमेडी को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है।

बर्थडे स्पेशलः 'कसम से' फेम अभिनेत्री प्राची सिंह, टेलीविजन से बॉलीवुड तक बनाई खास पहचान

हिंदी फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक प्राची देसाई का जन्म 12 सितंबर 1988 को गुजरात के सूरत में हुआ था। उनके पिता का नाम निरंजन देसाई है, जो कि पेशे से कॉलेज प्रोफेसर हैं और मां का नाम अमिता देसाई है। वहीं, उनकी एक बहन भी है, जिनका नाम ईशा देसाई है। प्राची ने अपनी स्कूलिंग महाराष्ट्र के पंचगनी के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट से पूरी की। इसके बाद उन्होंने पुणे के सिंहगढ़ कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की। प्राची को शुरू से ही एक्टिंग में रुचि थी। इसलिए उन्होंने पढ़ाई पूरी करने के बाद एक्टिंग की ओर रुख किया। वर्ष 2006 में प्राची देसाई ने एकता कपूर के लोकप्रिय टीवी शो %कसम से% अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके अपोजिट राम कपूर थे। इस सीरियल में उन्होंने बानी दीक्षित वालिया का मुख्य किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया और उन्हें घर-घर में जबरदस्त पहचान मिली। टेलीविजन इंडस्ट्री में जबरदस्त पहचान बनाने के बाद



अभिनेत्री ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू वर्ष 2008 में अभिषेक कपूर के द्वारा डायरेक्ट की गई फिल्म %रॉक ऑन% से किया। इस फिल्म में उनके साथ फरहान अख्तर, अर्जुन रामपाल, पूरब कोहली और शहाना गोस्वामी भी मुख्य किरदार में थे। पहली फिल्म में ही उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया और उन्होंने टेलीविजन इंडस्ट्री से बॉलीवुड में सफल पहचान बनाई। अपनी डेब्यू फिल्म में शानदार परफॉर्मेंस के लिए अभिनेत्री को बेस्ट फीमेल डेब्यू के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया। इसके बाद अभिनेत्री ने अन्य कई फिल्मों में काम किया, जिसमें 'लाइफ पार्टनर', 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई', 'तेरी मेरी कहानी', 'बोल बच्चन', 'आई, मी और हम', 'अजहर', 'फॉरेंसिक' आदि शामिल हैं। वर्ष 2010 में आई फिल्म 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' में एक्ट्रेस अजय देवगन, इमरान हाशमी और कंगना रनौत जैसे बड़े कलाकाड़ों के साथ पर्दे पर नजर आई। इस क्राइम ड्रामा फिल्म में मुमताज का किरदार निभाने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का आईआईएफए पुरस्कार मिला। वहीं, रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी कॉमेडी फिल्म 'बोल बच्चन' उनके करियर की सबसे बड़ी व्यावसायिक सफलताओं में से एक रही।

इसके अतिरिक्त, प्राची ने वर्ष 2007 में सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के दूसरे सीजन में बतौर कंटेस्टेंट भाग लिया और विजेता बनीं। एक्ट्रेस के व्यक्तिगत जीवन की बात करें तो उन्होंने शादी नहीं की है और इस वर्ष अपना 38वां जन्मदिन मनाने वाली हैं।

हमें ऐसी कहानी चाहिए जो आज भी मायने रखने वाली साधारण और खूबसूरत बातों की याद दिलाएः मानसी पारेख

नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस मानसी पारेख, जो अपनी आने वाली गुजराती फिल्म 'मित्रता- फ्रेंडशिप नी लव स्टोरी' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने उन कहानियों की अहमियत के बारे में बात की है, जो हमें उन साधारण और खूबसूरत चीजों की याद दिलाती हैं जो आज भी मायने रखती हैं। इस फिल्म में विराज घेलानी, दीप वैद्य और विशाल पारेख भी हैं। यह दोस्ती के विषय पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया गया, जिसमें 3 दोस्तों की जिंदगी और उनके बीच के रिश्तों को दिखाया गया है। फिल्म दोस्ती के कई पहलुओं और जिंदगी के बदलते दौर में मजबूत होने वाले रिश्तों को दिखाती है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए सोल सूत्र के प्रोड्यूसर मानसी पारेख और पार्थिव गोहिल ने कहा, 'मित्रता' के केंद्र में एक बहुत ही सरल और आम भावना है- दोस्ती। आज के निराशावादी दौर में हमें ऐसी कहानियों की जरूरत है जो हमें उन सरल, खूबसूरत चीजों की याद दिलाएं जो आज भी मायने रखती हैं, और दोस्ती उनमें से एक है। हम सभी की जिंदगी में ऐसे लोग होते हैं, जिन्होंने हमारे



अलग-अलग रूप देखे हैं और हर हाल में हमारे साथ रहे हैं। ओनिल ने उस भावना को एक ऐसी दुनिया में उतारा है, जो मनोरंजक, गर्मजोशी से भरी और भावनाओं से भरपूर है। हम आखिरकार दर्शकों के साथ 'मित्रता' की दुनिया को साझा करने के लिए उत्साहित हैं।

यह फिल्म उनकी गुजराती ब्लॉकबस्टर 'झमकूड़ी' के बाद एक्ट्रेस और उनके (को-स्टार) के फिर से साथ आने का मौका है।

विराज घेलानी ने कहा, दोस्ती शायद उन कुछ रिश्तों में से एक है जहां आप बिना किसी दिखावे के खुद जैसे हो सकते हैं, और यही बात %मित्रता% को इतना अपना-सा बनाती है। फिल्म में दोस्तों के ग्रुप से उम्मीद की जाने वाली मजाक-मस्ती और पागलपन तो है ही, लेकिन इसमें कुछ शांत पल भी हैं जो आपको याद दिलाते हैं कि ये रिश्ते इतने मायने क्यों रखते हैं। सेट पर हम सभी के बीच की एनर्जी बहुत नैचुरल थी, और मुझे लगता है कि यह ट्रेलर में भी झलकती है। मैं सच में उत्साहित हूं कि दर्शक इन किरदारों से मिलें और उनके सफर का अनुभव करें। फिल्म ने अमित त्रिवेदी द्वारा कंपोज किए गए 'मित्रता एंथम' के साथ पहले ही लोगों में उत्सुकता पैदा कर दी है, जो कहानी के केंद्र में दोस्ती की भावना को दर्शाता है। गाने की लाइन 'तारी मारी दोस्ती' सोशल मीडिया पर तुरंत हिट हो गई है और दर्शक अपने दोस्तों के ग्रुप के साथ इसके स्टेप्स को रीक्रिएट कर रहे हैं। सोल सूत्र द्वारा प्रस्तुत, इस फिल्म के डायरेक्टर ओनिल कार्निक हैं, इसे पार्थिव गोहिल और मानसी पारेख ने प्रोड्यूस किया है, और यह 25 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

CMYK

page 7_Layout 1 12-09-2026 16:21 Page 1

भारत की अगुवाई में एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी, ब्रिक्स देश संयुक्त बयान जारी करने पर हुए सहमत

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। भारत की अगुवाई में ब्रिक्स को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सदस्य देशों ने संयुक्त बयान साझा करने पर सहमति जता दी है। यह सहमति ऐसे समय में बनी है, जब पश्चिम एशिया में तनाव जारी है और समूह का हिस्सा ऐसे देश भी हैं जो कई मुद्दों पर एक दूसरे के साथ नहीं हैं। शिखर सम्मेलन के पहले दिन यानी शनिवार को ही इसे जारी किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, इसे लेकर बातचीत सुबह 4 बजे तक चली। कई अहम और विवादित मुद्दों पर सदस्य देशों के बीच मतभेद थे। बताया जा रहा है कि भारत ने लगातार बातचीत के जरिए इन मतभेदों को दूर करने और सभी देशों को एक राय पर लाने की कोशिश की। यह सहमति इसलिए भी अहम है क्योंकि ईरान, सऊदी अरब और यूएई एक ही ब्रिक्स मंच का हिस्सा हैं, जबकि पश्चिम एशिया के कई मुद्दों पर इनके बीच गंभीर मतभेद हैं। सूत्र ने कहा, ÷पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और बढ़ते टकराव के बीच इन देशों को संयुक्त बयान के लिए सहमत कराना भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक चुनौती थी। भारत की कोशिशों से इन मतभेदों को ब्रिक्स की बातचीत पर हावी नहीं होने दिया गया और सभी देश साझा बयान पर सहमत हो गए। इस तरह भारत ने बातचीत के जरिए इन मतभेदों के बीच आम सहमति बनाने में अहम भूमिका निभाई। संयुक्त बयान आज जारी किया जाएगा। जानकार भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की तारीफ कर रहे हैं क्योंकि नई दिल्ली ने दुनिया भर में चल रहे संघर्षों के बीच ब्रिक्स में गतिरोध को सफलतापूर्वक संभाला है। इससे पहले ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मतभेद की वजह से मई में राजधानी में हुई ब्रिक्स मंत्रिस्तरीय बैठक ब्लॉक के इतिहास में पहली बार बिना किसी आम संयुक्त बयान के खत्म हुई थी।इसके बजाय, ईरान और यूएई के बीच गहरे मतभेदों की वजह से सदस्य देशों के बीच आम सहमति नहीं बन पाई, इसलिए भारत ने सिर्फ %अध्यक्ष का बयान% और %परिणाम दस्तावेज% जारी किया था। भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कहते आए हैं कि टकराव सुलझाने के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन जरूरी है। उन्होंने दोहराया कि यह दौर युद्ध का नहीं है और समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलेगा। सबसे खास बात ये भी है कि अपनी जी20 अध्यक्षता की तरह ही, ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहे भारत ने इस समूह को पश्चिम-विरोधी बनाए बिना %ग्लोबल साउथ% के हितों को बढ़ाने पर जोर दिया।

ब्रिक्स समिट में खाने का खास इंतजाम, आईटीसी के 100 से ज्यादा मास्टर शेफ संभाल रहे जायका

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में मेहमानों के खाने का खास इंतजाम आईटीसी होटल्स की तरफ से किया गया है। मीडिया सेंटर में देश-विदेश से आए पत्रकारों और मेहमानों के लिए भारतीय और ग्लोबल कुजीन परोसी जा रही है। ब्रिक्स समिट में आईटीसी की कॉर्पोरेट शेफ मनीषा ने आईएएनएस से कहा, ÷हम कई तरह के व्यंजन पेश कर रहे हैं। पिछले डेढ़ दिन से हम अपने ब्रांड्स जैसे बुखारा, दम पुख्त, दक्षिण और कबाब एंड करीज के खाने को शोकेस कर रहे हैं, ताकि हर प्रतिभागी उन्हें चख सके।÷ उन्होंने कहा, ÷जब हम मेन्यू बनाते हैं, क्योंकि हमें पता होता है कि पूरी दुनिया से गेस्ट आते हैं। तो इसमें हमारा इंडियन खाना तो है ही, इसके साथ-साथ चाइनीज खाना भी है, वेस्टर्न खाना भी है। ऐसा इसलिए क्योंकि वे भारतीय खाना खाएंगे ही, लेकिन इसके साथ ही उनका खाना भी होना चाहिए। आज हमने जितने भी देश हैं, उनका थोड़ा-बहुत खाना शोकेस किया है।

मनीषा ने बताया कि यह उनके लिए बहुत गर्व की बात है कि इस इवेंट के लिए उन्हें चुना गया है। उन्होंने कहा, ÷जी20 में भी हमने ही सर्व किया था, इसके अलावा एआई समिट में भी हमने ही सर्व किया था। अब हम ये वाला समिट भी सर्व कर रहे हैं। इसमें हमें भी एक चैलेंज मिलता है, जिसमें हम अपने देश को शोकेस करते हैं और हमारे लिए भी बड़ी गर्व की बात है कि हमें सम्मान दिया जाता है।÷ उन्होंने बताया कि आईटीसी के पूरे भारत में करीब 140 होटल हैं। जब ऐसे बड़े इवेंट आते हैं, तो हर जगह से उनके एक्सपर्ट शेफ आते हैं। यहां 100 से अधिक शेफ मेन्यू हैंडल कर रहे हैं और खाना बना रहे हैं। आईटीसी होटल के एरिया शेफ राजदीप कपूर ने कहा, ÷आइए और हमने आपकी सेवा के लिए जो भारतीय खाना लाया है, उसका आनंद लीजिए। ब्रिक्स समिट में आईटीसी होटल्स के प्रतिनिधि रजनीश मल्हर ने कहा, ÷यह मीडिया सेंटर है, जहां अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मीडिया है। आईटीसी होटल्स को ब्रिक्स देशों के इस प्रतिष्ठित शिखर सम्मेलन के साथ साझेदारी करके बेहद गर्व महसूस हो रहा है। यहां हम जो पाक कला पेश कर रहे हैं, वह कई क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि हमारे मेहमान वहीं से आए हैं। तो निश्चित रूप से, यहां भारत के बेहतरीन और दुनिया के सबसे अच्छे व्यंजन पेश किए जा रहे हैं। मेन्यू को बहुत ही सावधानी से तैयार किया गया है, ताकि यह वैश्विक स्वाद को भारतीय व्यंजनों के सर्वश्रेष्ठ और कंफर्ट फूड के साथ संतुष्ट कर सके।

जोमैटो ने 'कैश ऑन डिलीवरी' पर शुरू किया अतिरिक्त शुल्क, ग्राहकों से 5 से 20 रुपए तक वसूले जाएंगे

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने अब %कैश ऑन डिलीवरी (सीओडी)% विकल्प चुनने वाले ग्राहकों से 5 रुपए से 20 रुपए तक का अतिरिक्त शुल्क लेना शुरू कर दिया है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा और राजस्व स्रोतों को मजबूत करने की रणनीति के तहत कंपनी अब ऑर्डर के दौरान भुगतान के तरीके से भी कमाई करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। कंपनी के ऐप पर दिखाई देने वाले बिल विवरण के अनुसार, %पे ऑन डिलीवरी फीस% नाम से यह शुल्क अलग से जोड़ा जा रहा है। यह शुल्क केवल उन ग्राहकों पर लागू हो रहा है जो ऑनलाइन भुगतान के बजाय डिलीवरी के समय नकद भुगतान का विकल्प चुनते हैं। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकांश मामलों में यह शुल्क 5 रुपए है, हालांकि कुछ ऑर्डरों में ग्राहकों से 7 रुपए और कुछ मामलों में 20 रुपए तक भी वसूले गए हैं।

यह नया शुल्क जोमैटो के पहले से लागू प्लेटफॉर्म शुल्क, रेस्तरां द्वारा लिए जाने वाले पैकेजिंग शुल्क और जीएसटी से अलग है। यानी %कैश ऑन डिलीवरी% विकल्प चुनने वाले ग्राहकों को अब कुल बिल में एक अतिरिक्त राशि भी चुकानी पड़ेगी। वहीं, ऑनलाइन भुगतान करने वाले ग्राहकों से यह शुल्क नहीं लिया जा रहा है। जोमैटो प्रतिदिन लगभग 23 लाख से 25 लाख फूड ऑर्डर प्रोसेस करता है। ऐसे समय में जब रैपिडो का फूड डिलीवरी ब्रांड ओनली तेजी से बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है और फ्लिपकार्ट भी अपने %ईट इन% फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म का परीक्षण कर रहा है, जोमैटो नए राजस्व स्रोतों की तलाश में है। गौरतलब है कि फूड डिलीवरी कंपनियों ने वर्ष 2023 में पहली बार प्लेटफॉर्म फीस लगानी शुरू की थी। शुरुआत स्विगी ने 2 रुपए प्रति ऑर्डर शुल्क से की थी, जिसके बाद जोमैटो ने भी इसी तरह का शुल्क लागू किया। बाद में कंपनी ने प्लेटफॉर्म फीस को लगातार बढ़ाया और इस वर्ष इसे 12.50 रुपए से बढ़ाकर 14.99 रुपए प्रति ऑर्डर कर दिया। इस पर जीएसटी अलग से लिया जाता है। वर्तमान ऑर्डर वॉल्यूम को देखते हुए शुल्क में मामूली वृद्धि भी कंपनी के लिए सालाना आधार पर सैकड़ों करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय का स्रोत बन सकती है।

मणिपुरः नोनी में सीआरपीएफ ने आयोजित की 10 किलोमीटर मैराथन



डेली आवाज भारती

द्वनोनी (मणिपुर)। मणिपुर के नोनी जिले के पिनजांग गांव में 86वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की ओर से शनिवार को 10 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया। यह आयोजन आईजी मणिपुर एवं नागालैंड सेक्टर, सीआरपीएफ के मार्गदर्शन और 86वीं बटालियन के कमांडेंट सौरभ कुमार चौधरी की देखरेख में किया गया। मैराथन में विभिन्न आयु वर्ग के करीब 110 युवाओं ने हिस्सा लिया। यह मैराथन स्पोर्ट्स फोर पीस एंड डेवलपमेंट अक्रॉस द नेशन (स्पंदन) कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई। स्पंदन का उद्देश्य खेलों के माध्यम से शांति, राष्ट्रीय एकता और जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। साथ ही युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर नशे जैसी सामाजिक समस्याओं से दूर रखना और समाज में आपसी सौहार्द को मजबूत करना भी इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम में मणिपुर सरकार की वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की निदेशक हनाह कामेई, आईएएस मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि हनाह कामेई और 86वीं बटालियन सीआरपीएफ की सीएमओ डॉ. फ्लोरेंस डांगमेई ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

भारत-नेपाल सीमा के पास एसएसबी ने नशीले पदार्थ और हथियार जब्त किए, पांच लोग पकड़े गए

डेली आवाज भारती



कोलकाता। भारत-नेपाल सीमा के पास पिछले दो दिनों में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने भारी मात्रा में नशीले पदार्थ और एक अवैध हथियार जब्त किया है। इस मामले में पांच लोगों को पकड़ा गया है। शनिवार सुबह करीब 7.10 बजे बिहार के किशनगंज जिले के गलगलिया में लकड़ी डिपो इलाके में एसएसबी की 41वीं बटालियन (रानीडांगा) और बिहार पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक ऑपरेशन चलाया।

सुरक्षाकर्मियों ने मोहम्मद हाशिम (57) के घर पर छापा मारा और 507 ग्राम ब्राउन शुगर, 814 ग्राम एम्फेटामाइन, एक देसी पिस्तौल, एक कारतूस और एक मोबाइल फोन जब्त किया। जब्त की गई चीजों की ड्रग डिटेक्शन किट से जांच की गई और उनमें एम्फेटामाइन और ब्राउन शुगर होने की पुष्टि हुई। हाशिम और रुखसार खातून (30) को हिरासत में ले लिया गया। रुखसार खातून किशनगंज के भटगांव स्थित चन्नू टोला गांव की रहने वाली है। एक अधिकारी ने कहा कि शुरुआती पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने बताया कि ब्राउन शुगर और एम्फेटामाइन गलगलिया बाजार में एक अज्ञात व्यक्ति से हासिल किए गए थे। उन्हें और जब्त की गई चीजों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गलगलिया पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। शुक्रवार शाम को एक और छापे में 410 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई।

अधिकारी ने बताया कि शाम करीब 6.20 बजे पक्की जानकारी मिलने पर एसएसबी की 41वीं बटालियन (रानीडांगा) की कडोमनीजोत कंपनी की एक स्पेशल पेट्रोलिंग पार्टी नेशनल हाईवे 327सी पर घोषपुकुर के आंबारी गांव की ओर गई। तीन संदिग्धों की तलाशी ली गई और उनके पास से नशीले पदार्थ जब्त किए गए।

जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी साजिश मामले में एनआईए की 10 स्थानों पर छापेमारी

डेली आवाज भारती



कश्मीर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े सीमा पार आतंकी साजिश मामले में 10 स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी ने बताया कि कार्रवाई पाकिस्तान स्थित आतंकी हैंडलरों और उनके स्थानीय ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क की जांच के तहत की गई। एनआईए के अनुसार, तलाशी अभियान कुपवाड़ा, कुलगाम, बांदीपोरा, बारामूला और सोपोर में चलाया गया। इसका उद्देश्य साजिश से जुड़े और सबूत जुटाना तथा घुसपैठ कर आए आतंकियों को रसद और अन्य सहायता मुहैया कराने वाले लोगों की भूमिका का पता लगाना है। यह मामला पहले श्रीनगर के जाकूरा थाने में एफआईआर संख्या 0024/2026 के तहत दर्ज किया गया था। बाद में एनआईए ने इसे यूएपीए की धारा 23, आर्म्स एक्ट की धारा 7 और 25 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4 के तहत आरसी-02/2026/एनआईए/जेएमयू के रूप में दोबारा दर्ज किया। जांच की शुरुआत 31 मार्च 2026 की देर रात एक नाका जांच के दौरान लश्कर से जुड़े एक ओजीडब्ल्यू की गिरफ्तारी के बाद हुई थी। उसके कब्जे से एक हैंड ग्रेनेड और जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। एनआईए ने बताया कि आगे की जांच में इस साजिश से जुड़े पाकिस्तानी नागरिकों की गिरफ्तारी हुई और स्थानीय सहायता नेटवर्क के सदस्यों की पहचान तथा उनकी संदिग्ध भूमिकाओं का भी खुलासा हुआ। अब तक की जांच में पाकिस्तान स्थित लश्कर हैंडलरों और उनके स्थानीय सहयोगियों के बीच संबंध सामने आए हैं। एजेंसी के अनुसार, स्थानीय नेटवर्क का इस्तेमाल आतंकियों से संपर्क बनाए रखने, उनकी आवाजाही और छिपने की व्यवस्था करने, ठिकाना उपलब्ध कराने, रेकी करने और अन्य रसद सहायता पहुंचाने के लिए किया जा रहा था। एनआईए वित्तीय लेनदेन, संचार माध्यमों, आरोपियों की आवाजाही और हथियारों तथा विस्फोटकों की आपूर्ति श्रृंखला की भी जांच कर रही है, ताकि पूरे नेटवर्क और उसकी गतिविधियों का पता लगाया जा सके। एजेंसी ने बताया कि शनिवार की तलाशी के दौरान मामले से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है, जिसकी जांच अन्य साक्ष्यों के साथ मिलान कर की जा रही है। एनआईए ने कहा कि मामले की जांच जारी है और साजिश में शामिल सभी लोगों की पहचान कर उनकी भूमिका तय की जा रही है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे और गिरफ्तारियां तथा बरामदगी की कार्रवाई की जा सकती है।

बिहार में कानून-व्यवस्था खत्म, अपराधियों को मिल रहा सरकार का संरक्षणः तेजस्वी यादव

पटना। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राज्य में बढ़ते अपराध और स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भाजपा पर जुबानी हमला किया। उन्होंने सीतामढ़ी में जिला परिषद प्रतिनिधि की हत्या और जहानाबाद के एक अस्पताल में पैर टूटे मरीज को कथित तौर पर प्लास्टर की जगह कार्डबोर्ड पैड लगाए जाने का मामला उठाते हुए सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। तेजस्वी यादव ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान सीतामढ़ी में जिला परिषद प्रतिनिधि की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में अपराध की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनती जा रही है। बिहार में ऐसा कोई दिन नहीं है जब अपराध की घटना सामने न आती हो। हत्या, बलात्कार, रंगदारी और अपहरण जैसी घटनाओं के साथ पुलिसिया अपराध के मामले भी बढ़े हैं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और अपराधियों का बोलबाला है।

दौसा में भीषण सड़क हादसा :

जयपुर-आगरा हाईवे पर बस ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

डेली आवाज भारती



दौसा। जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिविल लाइन के समीप शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की जान चली गई। एक अनियंत्रित बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की शिनाख्त शहर के जड़ाव फाटक के पास स्थित प्रकाश नगर निवासी अभिषेक महावर (25) और राजवीर गुर्जर (23) के रूप में हुई है। युवकों की मौत की खबर जैसे ही प्रकाश नगर पहुंची, दोनों परिवारों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शनिवार सुबह जिला अस्पताल की मोर्चरी में दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया और मामले की अग्रिम जांच शुरू कर दी है।

हाफिज सईद आतंक का बड़ा सरगना, एनआईए के वारंट पर नेताओं ने की भारत लाने की मांग

डेली आवाज भारती



श्रीनगर। जम्मू की एनआईए कोर्ट ने लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद के खिलाफ एक नया गैर-जमानती वारंट जारी किया गया है। उस पर कश्मीर में आतंकवादियों को हथियार, फंड और निर्देश देने का आरोप है। दो महीनों में उसके खिलाफ जारी किया गया यह दूसरा वारंट है। इसको लेकर नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आई है। भाजपा नेता अल्ताफ ठाकुर ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, ÷मुंबई से लेकर कश्मीर में जितने भी हमले हुए, ज्यादातर में हाफिज सईद का हाथ रहा। कश्मीरी लड़कों को आतंकी बनाने में हाफिज सईद का बड़ा हाथ है। हम कह सकते हैं कि उसने भारत की खिलाफ एक जंग छेड़ रखी थी। आतंकी संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में हमले कर बहुत से लोगों को मरवा दिया। दूसरी बार उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट बहुत अच्छा कदम है। हाफिज सईद को लाकर जम्मू-कश्मीर के लाल चौक में फांसी देनी चाहिए।÷ भाजपा नेता अल्ताफ ठाकुर ने कहा, ÷हाफिज सईद, मसूद अजहर और सैयद सलाहुद्दीन, आतंकियों के ये तीन सरगना हैं। इन तीनों ने जम्मू-कश्मीर को दहलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। एनआईए ने वारंट के जरिए बता दिया है कि मोस्ट वांटेड आतंकियों में हाफिज सईद का नाम है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के पूर्व डीजीपी कुलदीप खोडा ने कहा, ÷आतंकवाद के शुरुआती दिनों से ही लश्कर-ए-तैयबा इसमें शामिल रहा है। अगर आप इसके इतिहास को देखें तो लश्कर-ए-तैयबा 1992 से ही सक्रिय है और हाफिज सईद हमेशा से इसका मुख्य चेहरा रहा है। तब से लश्कर-ए-तैयबा ने जो भी आतंकवादी गतिविधियां की हैं, खासकर कश्मीर और देश के अन्य हिस्सों में, वे पाकिस्तानी तंत्र, खासकर पाकिस्तान की सेना और आईएसआई के समर्थन से की गई हैं। कुलदीप खोडा ने कहा, ÷नौजवान लड़कों को चुनने और ब्रेनवॉश करके आतंक के लिए भेजने का काम हाफिज सईद का था। भारत की ओर से इसके खिलाफ बहुत मुकदमे दायर किए गए हैं, जिसमें साक्ष्य हैं।

चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव-2026 : 35 वार्डों के आरक्षण का ड्रा जारी, 15 साल पुराने आंकड़ों और पैराशूट उम्मीदवारों पर खड़े हुए तीखे सवाल

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव-2026 के लिए राज्य चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को 35 वार्डों के आरक्षण का ड्रा निकाल दिया गया है। जारी ड्रा के अनुसार कुल सात वार्ड अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित किए गए हैं, जिनमें से तीन वार्ड एससी महिला वर्ग के लिए सुरक्षित रखे गए हैं। इसके अतिरिक्त नौ वार्ड सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुए हैं। ड्रा जारी होते ही शहर के सियासी हलकों में 15 साल पुरानी जनगणना के आधार पर तय किए गए आरक्षण की प्रासंगिकता और राजनीतिक दलों द्वारा संभावित %पैराशूट% उम्मीदवारों को थोपे जाने के खिलाफ बहस तेज हो गई है। ड्रा के तहत एससी (ओपन) के लिए वार्ड नंबर 1 (कैंबवाला), 4 (मनीमाजरा), 9 (इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1/दड़वा) और 15 (सारंगपुर-धनास) को आरक्षित किया गया है। वहीं एससी महिला के लिए वार्ड नंबर 3 (सेक्टर-26/बापूधाम), 29 (सेक्टर-55/पलसौरा) और 32 (सेक्टर-44/51) आरक्षित हुए हैं। सामान्य महिला वर्ग के लिए वार्ड नंबर 2, 8, 11, 13, 17, 21, 25, 26 और 30 तय किए गए हैं। वर्ष 2021 के मुकाबले इस बार चक्रानुक्रम (रोटेशन) के तहत आरक्षित वार्डों में बदलाव हुआ है, क्योंकि पिछले चुनाव में वार्ड 7, 16, 19, 24, 26, 28 और 31 एससी के लिए आरक्षित थे। 2011 की जनगणना से 2026 का चुनाव- 15 साल पुराने आंकड़ों पर सवाल सेकंड इनिंग्स एसोसिएशन के आर.के. गर्ग ने आरक्षण की कानूनी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि नियमों के तहत वर्ष 2011 के आंकड़ों का इस्तेमाल तो हो रहा है, लेकिन बीते 15 वर्षों में चंडीगढ़ का जनसांख्यिकीय और चुनावी भूगोल पूरी तरह बदल चुका है। इस दौरान कई नई कॉलोनियां विकसित हुईं, बस्तियों का पुनर्वास हुआ और हजारों परिवारों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2011 में शहर की एससी आबादी 1.94 लाख (करीब 18.4त्न) थी, लेकिन आज यह आबादी किन वार्डों में कितनी केंद्रित है, इसका कोई अद्यतन और सार्वजनिक आंकड़ा मौजूद नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आरक्षण निर्धारण का पूरा फॉर्मूला, वार्डवार एससी प्रतिशत और विस्थापित क्षेत्रों की वास्तविक मतदाता संख्या का ब्योरा श्वेत-पत्र की तरह सार्वजनिक किया जाए।

पैराशूट उम्मीदवारों पर उठे सवाल, स्थानीय नेतृत्व की मांग

आरक्षण ड्रा के बाद भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित प्रमुख दलों के सामने टिकट वितरण को लेकर कड़ी परीक्षा खड़ी हो गई है। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने मांग उठाई है कि आरक्षित सीटों पर बाहर से प्रभावशाली या पैराशूट उम्मीदवारों को लाकर थोपने की परिपाटी बंद होनी चाहिए। जिस वार्ड में जो सीट एससी या महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई है, वहां वर्षों से संगठन और जनता के बीच सक्रिय स्थानीय कार्यकर्ता को ही तरजीह मिलनी चाहिए। गर्ग ने भी इस पर जोर दिया कि चुना गया पार्षद केवल अपनी जाति का नहीं, बल्कि पूरे वार्ड की बुनियादी समस्याओं (सड़क, पानी, सफाई, टैक्स) का प्रतिनिधि होता है।

CMYK

page 8_Layout 1 12-09-2026 20:54 Page 1

कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने गुरुद्वारा सारागढ़ी साहिब में माथा टेक शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

बहादुरी,समर्पण,अनुशासन और कर्तव्य के प्रति वफादारी की अनूठी मिसाल है सारागढ़ी का युद्धः कैबिनेट मंत्री खुड्डियां

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): सारागढ़ी का युद्ध बलिदान की ऐसी बेमिसाल कहानी है जिसकी मिसाल पूरी दुनिया में नहीं मिलती। 12 सितंबर 1897 को सारागढ़ी किले की रक्षा करते हुए सिख रेजिमेंट के 21 बहादुर शूरवीरों ने 10 हजार अफगानों का पूरी वीरता से मुकाबला करते हुए शहादत का जाम पिया और इतिहास में वीरता, अनख और कुर्बानी के नए अध्याय की रचना की जो आने वाली पीढि ों के लिए हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेगी। यह विचार कृषि व किसान कल्याण, पशुपालन, मच्छली पालन और डेयरी विकास व खाद्य प्रोसेसिंग मंत्री स.गुरमीत सिंह खुड्डियां ने सारागढ़ी दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा सारागढ़ी में शहीदों की याद में पंजाब सरकार द्वारा करवाए गए राज्य स्तरीय समारोह में सारागढ़ी युद्ध के महान शहीदों को श्रद्धांजलि भेंट करने के उपरांत व्यक्त किए। इस अवसर पर उनके साथ विधायक फिरोजपुर शहरी स.रणबीर सिंह भुल्लर, विधायक फिरोजपुर ग्रामीण रजनीश दहिया, विधायक गुरुहरसहाय फौजा सिंह सरारी, विधायक जीरा नरेश कटारिया ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मालूम हो कि शनिवार को यहां गुरुद्वारा सारागढ़ी साहिब में शहीदों की याद में रखे गए अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत शहीदों को श्रद्धांजलि भेंट करने आए लोगों के एकित्रत जनसमूह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां





ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान के योग्य नेतृत्व में राज्य के निवासियों विशेषकर युवा पीढ़ी को अपने मान वाले ऐतिहासिक व गौरवशाली विरासत से जोडऩे के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में ऐसी बहादुरी व वीरता की मिसाल कहीं भी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान के प्रयासों से इन शहीदों को नमन करते हुए फिरोजपुर में विश्व की पहली युद्ध स्मारक, सारागढ़ी युद्ध की याद में बनाई गई है, क्योंकि इस युद्ध में शहीद होने वाले सैनिकों में से ज्यादातर फिरोजपुर से संबंधित थे। यह सारागढ़ी वार मेमोरियल उन सिख शूरवीरों की अनख, सम्मान और कुर्बानी को समर्पित है जो अफगानिस्तान के वजीरिस्तान में सारागढ़ी के किले की रक्षा के लिए दस हजार अफगानी कबीलियों के साथ 36 सिख रेजिमेंट की 21 बहादुर सिख सेनिकों के हुए मुकाबले में शहीद हुए थे। सिख रेजिमेंट के इन बहादुर योद्धाओं ने गोला बारूद खत्म होने के बावजूद भी लंबे समय तक दुश्मनों से लोहा लिया और शहादत का जाम पिया। इन बहादुर सिपाहियों ने दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के महान वचन सवा लाख से एक लड़ाऊं तभी गोबिंद सिंह नाम कहाऊं को सच करके दिखाया। उन्होंने कहा कि यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) के अनुसार यह युद्ध विश्व के आठ महत्वपूर्ण युद्धों में से एक है, जिसमें शहीद हुए सैनिकों को इंडियन आर्डर ऑफ मैरिट (सर्वोच्च पदक) से सम्मानित किया गया था। युवा पीढ़ी को सारागढ़ी के शहीदों से देश के प्रति समर्पण, अनुशासन, हिम्मत और अपने कर्तव्य के प्रति वफादारी की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स.गुरमीत सिंह खुड्डियां द्वारा युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के पारिवारिक सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। जिसके पश्चात विधायक फिरोजपुर शहरी स.रणबीर सिंह भुल्लर द्वारा मुख्यातिथि और समारोह में पहुंचे संगत का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त दीपशिखा शर्मा, एसएसपी भूपिंदर सिंह सिद्धू, अतिरिक्त उपायुक्त डा.अमनदीप कौर, एसडीएम फिरोजपुर अभिषेक शर्मा, हिमांशु (यू.टी.), जिला प्रधान आम आदमी पार्टी हरजिंदर सिंह घांगा चेयरमैन पंजाब बी.सी कमीशन डा.मलकीत सिंह थिंद, डा.अमनदीप कौर गोसल भुल्लर हलका कोऑर्डिनेटर नशा मुक्ति मोर्चा, भूपिंदर कौर सीनियर वाइस प्रेसिडेंट महिला विंग आम आदमी पार्टी सहित भारतीय सेना के अधिकारी जी.ओ.सी मेजर जनरल रणजीत सिंह मनराल, डिप्टी जी.ओ.सी ब्रिगेडियर वाई.एस सजवान सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बुलेट के पटाखे बजाने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

नाकाबंदी कर करीब 40 चालान काटे

पुलिस ने शहीद ऊधम सिंह चौक पर की नाकाबंदी की

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर। फिरोजपुर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने शहीद ऊधम सिंह चौक पर नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की। ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों के करीब 40 चालान काटे। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद बुलेट पर पटाखे बजाकर सड़क पर हुड़दंग करने वालों में हड़कंप मच गया। नाकाबंदी के दौरान खास तौर पर बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को संदेश दिया कि सड़क पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



पुलिस अधिकारी ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करने से सड़क हादसों को रोकने में मदद मिल सकती है। चेकिंग के दौरान दस्तावेजों और वाहनों से संबंधित नियमों की भी जांच की गई।

हादसों को रोकना पुलिस का मुख्य मकसद

इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने वाहन चालकों से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और अपनी सुरक्षा के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना और नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसना है।

जालंधर में बिजली कट से परेशान लोग सड़कों पर उतरे, 'आप' पार्षद अश्वनी अग्रवाल के खिलाफ की नारेबाजी

10-11 घंटे के लंबे बिजली कटों से परेशान लोगों का फूट पड़ा गुस्सा

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः जालंधर के इंडस्ट्रियल एरिया में लंबे बिजली कटों से परेशान लोगों का गुस्सा उस समय फूट पड़ा जब वे सड़कों पर उतर आए और सोढल चौक पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों ने इलाके के आप पार्षद अश्वनी अग्रवाल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पंजाब के थर्मल प्लांटों में कोयले की कमी के कारण बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिसके चलते लगातार लंबे कट लगाए जा रहे हैं। इसका असर लोगों की दिनचर्या, नींद और पानी की सप्लाई पर पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि शाम करीब 7 बजे



बिजली चली जाती है और अगली सुबह 6 बजे के आसपास सप्लाई बहाल होती है। गर्मी के मौसम में पूरी रात बिजली न होने से लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। कई परिवारों को पीने के पानी और अन्य जरूरी कामों के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ रही है, क्योंकि मोटर न चलने से टंकियां नहीं भर पा रही हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे। उनका कहना है कि अधिकारी ऊपर से आदेश आने और मुख्यालय के निर्देशों का हवाला देकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं। लोगों का सवाल है कि औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियों के लिए कट लगाए जा सकते हैं, लेकिन रिहायशी इलाकों के लोगों को क्यों परेशान किया जा रहा है।

पार्षद पर साधा निशाना, फोन नहीं उठाते

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने पार्षद अश्वनी अग्रवाल पर भी निशाना साधा। उनका आरोप था कि जरूरत के समय पार्षद फोन तक नहीं उठाते और केवल चुनाव के दौरान ही इलाके में दिखाई देते हैं। लोगों ने कहा कि पहले भी कई समस्याओं के दौरान उन्होंने संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे इलाके के लोगों में भारी नाराजगी है।

गुलजार सिंह की मौत पर राजनीति कर रही कांग्रेस : हरभजन सिंह ईटीओ

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने गुलजार सिंह की मौत के मामले को लेकर कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस दुखद घटना से राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। मंत्री ने कांग्रेस नेताओं से अपील की कि वे मामले का राजनीतिकरण करने के बजाय कानून को अपना काम करने दें। एक बयान में ईटीओ ने कहा कि गुलजार सिंह की मौत बेहद दुखद और पीड़ादायक घटना है। सरकार ने मामले में पहले ही ठोस कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि घटना की व्यापक जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है। मंत्री के अनुसार, मामले में



पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित धाराओं तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि ऐसे समय में जब परिवार अपने अपूरणीय नुकसान से उबरने की कोशिश कर रहा है, कांग्रेस नेताओं को उनके साथ खड़ा होना चाहिए। इसके बजाय विपक्षी नेता इस दुखद घटना को राजनीतिक मुद्दा बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच सुनिश्चित कर रही है तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कांग्रेस से जांच पूरी होने तक संयम बरतने और जांच एजेंसियों को अपना काम करने देने की अपील की।

जालंधर में मंत्री के घर के सामने कार चोरी की कोशिश, लॉक-शीशा तोड़ा; सीसीटीवी में कैद हुए चोर

डेली आवाज भारती

जालंधर। जालंधर शहर में चोरी की वारदातों के बीच अब पॉश इलाके जेपी नगर से कार चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। हालांकि इलाके के लोगों की मुस्तैदी के कारण चोर कार लेकर फरार होने में कामयाब नहीं हो सके। पूरी घटना वहां लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे में कैद हो गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह घटना कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत के घर के सामने हुई है और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था भी मौजूद रहती है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई थी। लोगों के अनुसार देर रात कुछ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे और सुबह कार्रवाई करने की बात कहकर चले गए। सब्जी मंडी के व्यापारी और कार मालिक अमित ने बताया कि वह रोजाना की तरह

लोगों की मुस्तैदी के कारण चोर कार लेकर फरार होने में कामयाब नहीं हो सके



अपनी द्व20 कार घर के बाहर पार्क करके गए थे। देर रात करीब 2 बजे पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि कुछ चोर उनकी कार में घुस गए हैं। पड़ोसियों के शोर मचाने पर चोर कार को करीब आधी सड़क तक ले गए, लेकिन इसी दौरान उन्होंने कार का शीशा भी तोड़ दिया। पीड़ित के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने के लिए तीन चोर खुद भी एक द्व20 कार में आए थे। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि चोर वारदात से पहले करीब 10 मिनट तक आपस में बातचीत करते रहे। इसके बाद जब कार स्टार्ट नहीं हुई तो चोरों ने गाड़ी के अंदर से डायरेक्ट तार लगाकर उसे स्टार्ट करने और चोरी करके ले जाने का प्रयास किया। आसपास के लोगों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। स्थानीय निवासी संजीव ने बताया कि चोर व्यापारी की कार चोरी करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन शोर सुनकर लोग मौके पर इकट्ठा होने लगे, जिसके बाद तीनों आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए। ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज में दिखा कि दो चोर कार में बैठे रहे, जबकि तीसरा आरोपी बाहर आया और व्यापारी की कार का शीशा और लॉक तोड़ दिया। इसके बाद डायरेक्ट तार लगाकर कार स्टार्ट करने की कोशिश की, लेकिन कार स्टार्ट नहीं हुई।

पुलिस ने कहा कि कार चोरी तो नहीं हुई न

स्थानीय निवासी संजीव का आरोप है कि दोपहर 12 बजे तक भी पुलिस टीम दोबारा मौके पर नहीं पहुंची थी। उनका कहना है कि पुलिसकर्मियों का कहना है कि कार चोरी नहीं हुई, लेकिन ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों में संदिग्धों की कार का नंबर भी रिकॉर्ड हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

श्री दरबार साहिब परिसर में कपड़ों की रंगाई की सेवा हुई शुरू

ज्ञानी अमरजीत सिंह, एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और ज्ञानी टेक सिंह सहित प्रमुख हस्तियां उपस्थित







डेली आवाज भारती

अमृतसर। अरदास के बाद सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी अमरजीत सिंह, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी टेक सिंह सहित प्रमुख हस्तियों द्वारा सचखंड श्री दरबार साहिब परिसर में रंग रोगन की सेवा शुरू की गई।

इस अवसर पर एसजीपीसी अध्यक्ष अधिवक्ता हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि सचखंड श्री हरमंदिर साहिब समस्त मानवता का एक सार्वभौमिक केंद्र है, जहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन करने आते हैं और अपनी सामर्थ्य के अनुसार गुरुघर की सेवा करते हैं। उन्होंने बताया कि श्री दरबार साहिब परिसर को रंगने का कार्य आज से शुरू हो गया है।

यह कार्य एसजीपीसी द्वारा एस. इकबाल सिंह बॉम्बेवाले के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवक परिवार ने अतीत में भी गुरुघर की सेवाओं में बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने प्रार्थना की कि गुरु साहब सेवक परिवार को अच्छे स्वास्थ्य और गुरु सिख धर्म का वरदान प्रदान करें और उन्हें गुरुघर की सेवा करने की शक्ति दें।

इस अवसर पर ज्ञानी अमरजीत सिंह, एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और ज्ञानी टेक सिंह ने सेवक स. इकबाल सिंह बॉम्बेवाले, स. हरिंदर सिंह, स. जश्नप्रीत सिंह और स. हरबंस सिंह के परिवार को गुरु बख्शीश सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी सदस्य बाबा गुरमीत सिंह त्रिलोकेवाला, सचिव स. बलविंदर सिंह काहलवां, अतिरिक्त सचिव स. भगवंत सिंह धंगेरा, उप सचिव स. हरभजन सिंह वक्ता, श्री दरबार साहिब के प्रबंधक स. मेजर सिंह, अरदासिया भाई प्रेम सिंह, पूर्व. स. सुखजिंदर सिंह, अतिरिक्त प्रबंधक स. बिक्रमजीत सिंह झांगी, स. लाल सिंह और अन्य उपस्थित थे।

गुरुद्वारा गुरु के महल में आवश्यक मरम्मत और रंगाई का काम शुरू हो गया है।

नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की जन्मस्थली, गुरुद्वारा गुरु के महल में आवश्यक मरम्मत और पेंटिंग का काम आज अरदास के बाद शुरू किया गया। उद्घाटन के मौके पर एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी टेक सिंह, सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी ज्ञानी केवल सिंह, बाबा सतनाम सिंह कारसेवा किला आनंदगढ़ साहिब, सदस्य बाबा गुरमीत सिंह त्रिलोकेवाला और अन्य हस्तियां मौजूद थीं। इस अवसर पर बोलते हुए अधिवक्ता हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जन्मस्थान गुरुद्वारा गुरु के महल के जीर्णोद्धार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने यह कार्य बाबा सतनाम सिंह कारसेवा किला आनंदगढ़ वाले को सौंपा है। उन्होंने कहा कि रंगाई और मरम्मत का कार्य आवश्यकतानुसार पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा सतनाम सिंह कारसेवा किला आनंदगढ़ साहिब वाले, एसजीपीसी सचिव स. बलविंदर सिंह काहलवां, उप सचिव स. हरभजन सिंह वक्ता, श्री दरबार साहिब प्रबंधक स. मेजर सिंह, पूर्व. स. सुखजिंदर सिंह, अतिरिक्त प्रबंधक स. बिक्रमजीत सिंह झांगी, बाबा अमरीक सिंह, बाबा सुखचैन सिंह, बाबा सुरजीत सिंह, बाबा लक्खा सिंह और अन्य उपस्थित थे।

सारागढ़ी की लड़ाई के शहीदों की याद में गुरुद्वारा सारागढ़ी साहिब में गुरमत समागम



डेली आवाज भारती

अमृतसर। सरगरही युद्ध की बरसी के अवसर पर, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद सरगरही साहिब गुरुद्वारा में एक गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के हजूरी रागी भाई नरिंदर सिंह के जत्थे ने गुरबानी कीर्तन किया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी गुरमिंदर सिंह ने कथा का पाठ किया। ज्ञानी गुरमिंदर सिंह ने सरगरही युद्ध का इतिहास साझा करते हुए कहा कि सिख सैनिकों ने वीरतापूर्वक लड़ाई लड़ी और शहादत प्राप्त की। इन वीर सिखों के अद्वितीय बलिदान को विश्व भर में याद किया जाता है। इस अवसर पर, सरगरही युद्ध के शहीदों के परिजनों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहीदों के परिवारों से अतिरिक्त प्रबंधक स. बिक्रमजीत सिंह झांगी, भाई मंजीत सिंह, भाई रणजीत सिंह, भाई सरबजोत सिंह और बीबी राजविंदर कौर जालंधर आदि उपस्थित थे। इसी बीच, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता हरजिंदर सिंह धामी ने कार्यालय से जारी एक बयान में सरगरही युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरगरही का यह युद्ध सिख सैनिकों की वीरता का उदाहरण है, जिसमें 21 सिख योद्धाओं ने 10 हजार सैनिकों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि सरगरही युद्ध के शहीद समर्पित और दृढ़ निश्चयी सिख सैनिक थे, जिनकी वीरता की गाथा आज पूरी दुनिया में गूंज रही है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय इन सिख सैनिकों की वीरता पर सदा गर्व करेगा।

CMYK